Website : www.mantrabharat.com
जुनून है सच लिखने का
E-Mail : mantrabharatmumbai@gmail.com, Mo. 7007837917

संस्करण : मुंबई
वर्ष : 10
अंक : 253
पृष्ठ : 8
मूल्य : 2.00
शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2025


# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक





मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज एवं ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित एवं ठाणे, नवी मुम्बई, पालघर, नासिक एवं पुणे से प्रसारित



3 ग्रामीण विकास और हरित महाराष्ट्र को ...
4 टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र....
7 भारत बनाम ओमान, एशिया कप 2025 ...


## संक्षिप्त न्यूज

### तमिलनाडु कांग्रेस नेता का कंगना पर विवादित बयान, भाजपा सांसद बोलीं- मुझे फर्क नहीं पड़ता

कुड्डालोर/कुल्लू। तमिलनाडु कांग्रेस नेता केएस अलागिरी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब वे भी तमिलनाडु आएं तो उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाए जो हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारी ने किया था। इस पर भाजपा सांसद ने पलटवार किया। कंगना रनौत ने कहा कि किसी के कुछ भी कहने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

कांग्रेस नेता केएस अलागिरी ने कहा कि कल 10-15 किसान मेरे पास आए और बताया कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंगना रनौत ने खेती करने वाली महिलाओं के बारे में कहा था कि वे कमजोर जमीन पर काम कर रही हैं, लेकिन वे क्रांतिकारी महिलाएं हैं। एक पत्रकार ने जब उनसे पूछा कि भले ही वे महिलाएं खेतों में काम कर रही हैं, वे बहुत फुर्तीली और बहादुर हैं और कुछ भी हासिल करने में सक्षम हैं। इस पर कंगना रनौत ने तुरंत जवाब दिया कि अगर उन्हें 100 रुपये दिए जाएं, तो वे कहीं भी आ जा सकती हैं। किसानों ने कल मुझे इसकी जानकारी दी। मैं हैरान था। एक महिला और मौजूदा सांसद खेती करने वाली महिलाओं की आलोचना क्यों कर रही है? वे ग्रामीण भारत से आती हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कंगना कुछ महीने पहले जब वह एक हवाई अड्डे पर गई थीं, तो एक महिला पुलिस अधिकारी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया था। पुलिस अधिकारी ने एक कारण दिया कि वह जहां भी जाती हैं, सभी को गालियां देती हैं। मैंने खेतिहर मज़दूरों से कहा कि अगर वह हमारे क्षेत्र में आती हैं, तो वही करें जो हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारी ने किया था।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का पीएम ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

पटना। महिला स्वास्थ्य सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए चलाए जाने वाले स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों ऑनलाइन किया गया। इस अवसर पर पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआइएमएस) परिसर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें पहुंचने वाले लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने अपना कुशल परामर्श दिया। रोगियों को दवाइयां भी मुफ्त में दीं गईं।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मुहम्मद खान, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय मौजूद थे। इस अवसर पर राज्य स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारियों के साथ ही महिला जन प्रतिनिधि, जीविका, आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका, आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मचारी मौजूद रहे। यहां उपस्थिति लोगों ने मध्य प्रदेश के धार जिले में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अवलोकन किया और उनके संबोधन को सुना।

पीएम ने कहा, आज कौशल और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा का जयंती है। अपने कौशल से राष्ट्र निर्माण में लगे करोड़ों भाइयों और बहनों को भी विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में आदर पूर्वक प्रणाम करता हूं। हमने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया है। वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। ये नया भारत है। ये किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है। हम घर में घुसकर मारते हैं। पीएम मोदी ने कहा, आज 17 सितंबर को एक और ऐतिहासिक अवसर है। आज ही के दिन देश ने सरदार पटेल की फौलादी इच्छाशक्ति के उदाहरण को देखा था। भारतीय सेना ने हैदराबाद को अनेकों अत्याचारों से मुक्त कराकर उनके अधिकारों की रक्षा करके भारत के गौरव को फिर से स्थापित किया। सेना के



इतने बड़े शौर्य को कई दशक बीत गए। कोई याद करने वाला नहीं था। हमारी सरकार ने 17 सितंबर हैदराबाद की घटना को अमर कर दिया है। हमने भारत के एकता के प्रतीक इस दिन को हैदराबाद लिबरेशन डे के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमारा हर पल देश के लिए समर्पित होना चाहिए। देश के 140 करोड़ लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। इसके चार स्तंभों को नई मजबूती देने का काम हुआ है। बड़ी संख्या में माताएं, बहनें, बेटियां आईं हैं। आज के आयोजन में नारी शक्ति का बहुत ध्यान रखा गया है। यह कार्यक्रम भले ही धार में हो रहा है। लेकिन यह पूरे देश में हो रहा है। यहां से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के महा अभियान का शुभारंभ हो रहा है। अभियान धार समेत एमपी के जनजातीय समाज को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का सेतु बनेगा। विश्वकर्मा जयंती पर भी आज एक बड़े औद्योगिक शुरूआत भी होने जा रही है।

पीएम ने कहा कि सबसे बड़े इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास यहां हुआ है। इस पार्क से भारत के टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री को नई ऊर्जा, किसान को उनके मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा। इस टेक्सटाइल्स पीएम मित्र पार्क से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा। हमारी माताएं, बहनें, नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति के मुख्य आधार हैं। अगर महिला बीमार हो जाए तो परिवार की सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं। इसलिए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार माताओं, बहनों के भविष्य के लिए उन्हें समर्पित है।

## बिहार में शाह-नीतीश की बंद कमरे में अहम बैठक, एनडीए के चुनावी रोडमैप पर हुई चर्चा

पटना **(एजेंसी)**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। नीतीश कुमार, जो जदयू अध्यक्ष भी हैं, ने शाह से रोहतास के डेहरी-ऑन-सोन और



बेगूसराय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निर्धारित बैठक से पहले मुलाकात की। एक जदयू नेता ने कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। जदयू एनडीए का एक गठबंधन सहयोगी है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

जानकारी के मुताबिक दोनों दिग्गज नेता पटना के होटल मौर्य में बंद कमरे में एक अहम बैठक में शामिल हुए। इस दौरान सम्राट चौधरी, संजय झा और विजय चौधरी भी मौजूद रहे। अमित शाह आज बिहार के एक दिवसीय दौरे पर हैं। वह रोहतास और बेगूसराय के 20 जिलों के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और आगामी विधानसभा चुनावों की योजनाओं पर चर्चा करेंगे। शाह कल शाम पटना पहुँचे।

शाह आज सुबह रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन में शाहाबाद और मगध क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ रोहतास, कैमूर, आरा, बक्सर, गया, नवादा, जहानाबाद, अरवल और औरंगाबाद के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और पार्टी पदाधिकारी भी इस बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एनडीए की जीत सुनिश्चित करने हेतु रणनीति बनाई जाएगी। इसके बाद, वरिष्ठ भाजपा नेता आज दोपहर बेगूसराय में एक और बैठक करेंगे। इस बैठक में पटना ग्रामीण, पटना महानगर, बाढ़, नालंदा, शेखपुरा, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, खगड़िया और बेगुसराय के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

## जम्मू कश्मीर की एक अदालत ने रिश्वतखोरी के मामले में दो अभियंताओं को दोषी ठहराया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के दो अभियंताओं को 45,000 रुपये की रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 2011 में डोडामें स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में 45,000 रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए कनिष्ठ अभियंता राजा फैसल को गिरफ्तार किया था। एक एसीबी प्रवक्ता ने बताया कि जांच में सहायक कार्यकारी अभियंता सैयद इखलाक हुसैन पीर की संलिप्तता भी सामने आयी।

न्यायाधीश अर्चना चरक ने दोनों अभियंताओं को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र) और धारा 161(जो अब निरस्त हो चुकी है, लेकिन पीसी एक्ट के तहत लागू मानी गई) के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने प्रत्येक आरोपी को धारा 120बी आरपीसी के तहत एक वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपये के जुर्माने, धारा 161 आरपीसी के तहत एक वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपये के जुर्माने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एक वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

# हाउस अलाटमेंट में मनमर्जी नहीं हो सकती, केजरीवाल को सरकारी आवास मिलने में देरी से केंद्र पर भड़का हाई कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि सरकारी आवासों का आवंटन निष्पक्ष और पारदर्शी प्रणाली के अनुसार होना चाहिए और यह अधिकारियों की मनमानी पर निर्भर नहीं होना चाहिए। अदालत ने यह टिप्पणी आम आदमी पार्टी की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए राजधानी में आवासीय आवास की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि एक पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए और यह पूरी तरह आपकी मनमानी पर निर्भर नहीं हो सकती। जब तक एक स्पष्ट और स्पष्ट नीति मौजूद है। जानना चाहता हूँ कि प्राथमिकता का आकलन किस तरह किया जाता है।

न्यायाधीश ने आगे कहा कि यह मुद्दा केवल एक आवंटन का नहीं, बल्कि इस व्यापक प्रश्न का है कि ऐसे मामलों में विवेकाधिकार का प्रयोग कैसे किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से आवासीय आवंटन की मौजूदा नीति, पिछले आवंटनों का विवरण और नियमों के लागू होने के तरीके को रिकॉर्ड में शामिल करते हुए एक हलफनामा दाखिल करने को कहा। 16 सितंबर क, न्यायालय ने निर्णय लेने में सरकार की देरी की आलोचना करते हुए कहा था कि उसका दृष्टिकोण सभी के लिए मुफ्त व्यवस्था जैसा है और आवंटन का निर्णय चुनिंदा रूप से नहीं किया जा सकता। इसके बाद केंद्र से 18 सितंबर तक वर्तमान प्रतीक्षा सूची और नीतिगत ढाँचा प्रस्तुत करने को कहा गया था। आज की कार्यवाही के दौरान, केंद्र के वकील ने अदालत को बताया कि केजरीवाल के लिए आप द्वारा प्रस्तावित 35, लोधी एस्टेट स्थित बंगला इसी साल 24 जुलाई को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को आवंटित किया जा चुका है। यह दलील आवंटन की सही तारीख के बारे में अदालत द्वारा पहले पूछे गए प्रश्न के जवाब में दी गई। बसपा प्रमुख मायावती ने मई में यह संपत्ति खाली कर दी थी।

## चिराग पासवान ने तेजस्वी पर कसा तंजः

# राहुल गांधी ने नेतृत्व को नकारा, तो दुख तो होगा

पटना। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान अपनी पूरी ताकत लगाने के बावजूद, कांग्रेस नेता ने उनके नेतृत्व को अनदेखा किया। पासवान ने कहा कि दरकिनार किए जाने के बाद तेजस्वी यादव का दुखी होना स्वाभाविक है। राजद नेता के हालिया बयान कि तेजस्वी सभी 243 सीटों पर लड़ेंगे' पर प्रतिक्रिया देते हुए, पासवान ने कहा कि बिहार के विपक्षी नेता ने राहुल गांधी की यात्रा के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया। वह राहुल गांधी की गाड़ी भी चला रहे थे। वह जहाँ भी जा रहे थे, वह उनके पीछे-पीछे चल रहे थे।

चिराग ने तंज भरे लहजे में कहा कि इतना सब कुछ करने के बाद भी, कांग्रेस ने उनके नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया। उन्हें उचित सम्मान नहीं दिया गया। इसलिए उनका ऐसा महसूस करना




स्वाभाविक है। तेजस्वी यादव की यह टिप्पणी आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए महागठबंधन में सीट बंटवारे पर बातचीत से पहले आई है। राज्य में राजनीतिक तापमान बढ़ने के बीच गठबंधन के सहयोगियों ने अभी तक अपनी व्यवस्था को अंतिम रूप नहीं दिया है।

इस बीच, पासवान ने एशिया कप मैच के बाद भारतीय क्रिकेटरों द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करने से उपजे विवाद पर भी बात की। उन्होंने भारतीय खिलाड़ियों के इस कदम का समर्थन किया और इसे पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों की भावनाओं से जोड़ा। पासवान ने कहा कि अगर आप किसी से हाथ मिला रहे हैं और वही लोग आपके परिवार के सदस्यों पर हमला कर रहे हैं और उन्हें मार रहे हैं, तो ऐसी तस्वीरें निश्चित रूप से उनकी भावनाओं को ठेस पहुँचा सकती हैं। खेल खेला जाना चाहिए था, और हमारे खिलाड़ियों ने भी इसका उतना ही सम्मान किया और उसी भावना से उस खेल को खेला। जीतकर, हमारे खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से उन पीड़ितों का सच्चा सम्मान किया।

### गाजा में हो रही पीड़ा से व्यथित हूं, भारत को दृढ़ता से बोलना चाहिएः स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि गाजा में लोगों को हो रही पीड़ा से वह अत्यंत व्यथित हैं और इस मामले में सरकार को दृढ़ता से बोलना चाहिये स्टालिन ने ज़ोर देकर कहा कि भारत को इस मुद्दे पर स्पष्ट और दृढ़ स्वर में बोलना चाहिए तथा विश्व समुदाय को इस भयावहता को समाप्त करने के लिए एकजुट होना चाहिए।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''गाज़ा कराह रहा है, दुनिया को आंखें मूंदे नहीं रहना चाहिए। गाजा में जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर मैं शब्दों से परे व्यथित हूं। हर दृश्य हृदय विदारक है – नवजातों की चीखें, भूख से तड़पते बच्चे, अस्पतालों पर बमबारी, और संयुक्त राष्ट्र की जांच आयोग द्वारा घोषित किया गया नरसंहार – यह सब मिलकर उस पीड़ा को दर्शाते हैं, जो किसी भी इंसान को कभी नहीं झेलनी चाहिए।''

उन्होंने आगे लिखा, ''जब निर्दोष लोगों का इस तरह से दमन किया जा रहा हो, तो चुप्पी कोई विकल्प नहीं हो सकती।

# अब हमें निर्वाचन आयोग के अंदर से मदद मिलनी शुरू हो गई हैः राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 'वोट चोरी' के मुद्दे पर अब उन्हें निर्वाचन आयोग के अंदर से मदद मिल रही हैं और सूचनाएं उन तक पहुंच रही हैं।



उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने का काम उनका नहीं, बल्कि संस्थाओं का है, लेकिन संस्थाओं के अपना काम नहीं करने के कारण वह बतौर नेता प्रतिपक्ष यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मुहिम के क्रम में बृहस्पतिवार को मतदाता सूचियों से ''कांग्रेस समर्थक मतदाताओं'' के नाम हटाए जाने का विषय उठाया और आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ''लोकतंत्र की हत्या करने वालों'' तथा ''वोट चोरों'' की रक्षा कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को गलत और निराधार करार दिया। राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, ''निर्वाचन आयोग के अंदर से हमें मदद मिलनी शुरू हो गई है। यह रुकने वाला नहीं है।'' उनका कहना था कि एक बार देश की जनता और युवाओं को पता लग गया कि 'वोट चोरी' हो रही है तो इसे रोकने के लिए वे अपनी ताकत लगा देंगे।

राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' के विषय पर न्यायालय जाने की संभावना से जुड़े सवाल पर कहा, ''सच कहूं तो, मैं यहां जो कर रहा हूं, वह मेरा काम नहीं है। मेरा काम लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी करना है। मेरा काम लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करना नहीं है। यह काम भारत की संस्थाओं का है; वे ऐसा नहीं कर रही हैं, इसलिए मुझे करना पड़ रहा है।''

उन्होंने कहा, ''हमारी प्रस्तुति के अंत तक, जिसमें 2-3 महीने लगेंगे, आपके मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं रहेगा कि भारत में राज्य दर राज्य, लोकसभा दर लोकसभा चुनाव, वोटों की चोरी होती रही है।

## नीतीश कुमार ने धार्मिक न्यास समागम का किया उद्घाटन, साधु-संतों का मिला आशीर्वाद

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित बापू सभागार में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा आयोजित धार्मिक न्यास समागम का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तिो का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया।




कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सांसद सह जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डे, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री हरी सहनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष डॉ0 रणवीर नंदन, राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य श्री सायन कुणाल, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, साधु-संत, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री गुप्ता ने सेवा पखवाड़ा के तहत 502 'क्रेच' का उद्घाटन किया

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत बृहस्पतिवार को 502 'क्रेच' का उद्घाटन किया और कहा कि इस पहल से हजारों माताओं को बच्चों की देखभाल की चिंता किए बिना अपने सपनों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए एक नयी योजना पर भी काम कर रही है जिसके तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के माध्यम से महिलाओं को 10 करोड़ रुपये तक की ऋण सुविधा प्रदान की जायेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह पालना कार्यक्रम हजारों माताओं को आगे बढ़ने और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने का मार्ग प्रदान करेगा।'' अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए गुप्ता ने राजनीति में अपने शुरुआती वर्षों की चुनौतियों को याद किया, जब उनके बच्चे छोटे थे। उन्होंने कहा, ''उस समय मैं अक्सर सोचती थी कि मेरे बच्चों की देखभाल कौन करेगा। मेरी बहन ने ही यह जिम्मेदारी संभाली थी। आज यह भूमिका हमारे शिशु गृह और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निभाएंगे।''

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सिर्फ कर्मचारी नहीं हैं, बल्कि इन केंद्रों में आने वाले दिल्ली के बच्चों की मौसी हैं। उन्होंने महिला एवं बाल विकास सचिव रश्मि सिंह से यह निर्देश जारी करने को कहा कि 'क्रेच' और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को औपचारिक रूप से 'मौसी' के नाम से संबोधित किया जाए।

उन्होंने कहा, ''इस तरह वे मां जैसा स्नेह दे पाएंगी। लेकिन मैं यह भी कहना चाहती हूं कि घर पर मां को अपने बच्चों की देखभाल खुद ही करनी चाहिए, क्योंकि उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। यह योजना कामकाजी महिलाओं के लिए है।'' गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी है।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश कंपनियों से मुसी नदी परियोजना में साझेदार बनने का आग्रह किया

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने राज्य सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर शुरू की जा रही मूसी नदी पुनरुद्धार परियोजना में ब्रिटिश कंपनियों से भागीदार के रूप में शामिल होने का




अनुरोध किया है। भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन के नेतृत्व में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने उच्चायुक्त को राज्य में विनिर्माण उद्योग और निवेश संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों की जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश उच्चायुक्त से अनुरोध किया कि वे ब्रिटिश निवेशकों को राज्य के फार्मा, 'ईवी' क्षेत्र और हैदराबाद के बाहरी इलाके में प्रस्तावित 'फ्यूचर सिटी' परियोजना में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें।

लिंडी कैमरन ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ब्रिटेन सरकार शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी सहयोग देने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री ने ब्रिटिश प्रतिनिधिमंडल को राज्य की तेलंगाना शिक्षा नीति के मसौदे के बारे में भी जानकारी दी।

कैमरन ने तेलंगाना के मेधावी छात्रों को ब्रिटिश सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रतिष्ठित शेवनिंग छात्रवृत्ति प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। विज्ञप्ति में कहा गया कि ब्रिटिश सरकार तेलंगाना के सरकारी शिक्षकों और प्राध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए भी तैयार है।

राहुल पर शाइना एनसी शिवसेना ने साधा निशाना

# स्पाई एजेंट और फ्लॉप प्रोफेसर का नया पेशा अपनाया

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

शिवसेना नेता शाइना एनसी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 'वोट चोरी' के नए आरोपों की आलोचना करते हुए उन्हें 'जासूस एजेंट' और 'फ्लॉप प्रोफेसर' कहा। शिवसेना नेता ने लोकसभा में विपक्ष के नेता से आग्रह किया कि वह कुछ वास्तविक काम करें और फोटो खिंचवाना और लगातार नाटक करना बंद करें। राहुल गांधी ने एक नया पेशा अपना लिया है, एक जासूस एजेंट और एक फ्लॉप प्रोफेसर। वो इस पीपीटी प्रोजेक्ट के साथ बैठते हैं और हाथ में अखबार और कागज़ ऐसे उछालते रहते हैं मानो चुनाव आयोग ने कुछ ग़लत किया हो। शाइना एनसी ने कहा कि मैं पूछना चाहती हूँ कि हाइड्रोजन बम वाली ये थ्योरी क्या है? ये बिल्कुल फ्लॉप दिवाली पटाखा है। आप चुनाव के आठ महीने बाद उठते हैं और ये कागज़ उछालते हैं और कहते हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार



ने कुछ ऐसा किया है जो हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत खतरा है।

शिवसेना नेता ने कहा कि अगर राहुल गांधी इसी तरह नाटक करते रहे, तो इससे कांग्रेस को चुनावी नुकसान ही होगा। आप चुनाव के आठ महीने बाद जागते हैं और इन कागज़ों को उछालते हुए कहते हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कुछ ऐसा किया है जो हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत खतरा है। लोकसभा चुनावों में, जब आप कुछ खास सीटें जीतते हैं, तो ऐसा लगता है कि यही जनता का जनादेश है। कृपया नाटकबाज़ी, तस्वीरें खिंचवाना और लगातार नाटक करना बंद करें, कुछ वास्तविक काम करें क्योंकि अगर आप प्रोफ़ेसर बनने की कोशिश करते रहेंगे और झूठे बयानों से लोकतंत्र को बचाने की कोशिश करते रहेंगे, तो लोग आपको कभी वोट नहीं देंगे। शाइना एनसी ने कहा कि राहुल गांधी का हाइड्रोजन बम वाला बयान भी फ्लॉप दिवाली पटाखा साबित हुआ है। इससे पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनाव आयोग पर कर्नाटक अपराध जाँच विभाग (कर्नाटक सीआईडी) द्वारा कलबुर्गी जिले के अलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता धोखाधड़ी की जाँच में कथित रूप से 'सहयोग नहीं करने' का आरोप लगाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने दावा किया है कि कथित धोखाधड़ी की जाँच दो साल से ज़्यादा समय से रुकी हुई है क्योंकि चुनाव आयोग सीआईडी द्वारा भेजे गए पत्रों का जवाब नहीं दे रहा है। उन्होंने इसे 'सबूत' बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 'वोट चोरों' को संरक्षण दे रहे हैं।

# मुझे 75 पार वाले नेताओं को पद छोड़ने के लिए कहने का 'नैतिक अधिकार' नहीं: शरद पवार

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह खुद जब 85 वर्ष की उम्र में काम कर रहे हैं तो उनका इस बहस में पड़ने का कोई 'नैतिक अधिकार' नहीं बनता कि क्या किसी नेता को 75 वर्ष की आयु पार करने के बाद पद छोड़ देना चाहिए या नहीं।

उनसे सवाल किया गया था कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी की तरह सार्वजनिक जीवन से इसलिए हट जाना चाहिए क्योंकि वह 75 वर्ष के हो गए हैं।

पवार ने इस सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा में लोग अब कहते हैं कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि 75 वर्ष की आयु के बाद नेताओं को नेपथ्य में चले जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के 75 वर्ष के होने के



एक दिन बाद उम्र संबंधी बहस के बारे में पूछे जाने पर राकांपा (शरद पवार) प्रमुख ने कहा, मैं कहां रुक गया हूं? मैं 85 वर्ष का हूं और मुझे टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार को किसानों की कठिनाइयों को कम करने के लिए और समय देना चाहिए, जो भारी बारिश के कारण फसल के भारी नुकसान का सामना कर रहे हैं।

# भुसावल मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान आयोजित

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

भुसावल मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के अंतर्गत बिना टिकट और अनधिकृत यात्रियों पर रोक लगाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।इसी कड़ी में दिनांक 17/09/2025 को भुसावल मंडल अंतर्गत भुसावल, जलगांव, नासिक रोड, मनमाड, खंडवा, अकोला, बडनेरा एवं अमरावती इन आठ प्रमुख स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में कुल 70 टिकट जांच कर्मचारी तथा 9 रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने भाग लिया। अभियान के दौरान कुल 573 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे कुल 3,73,870/- का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त, रेलवे अधिनियम की धारा 145(ब) (धूम्रपान के अंतर्गत 4 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 600/- का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं, 2




अनधिकृत विक्रेताओं पर भी कार्रवाई की गई है। भुसावल मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे वैध टिकट लेकर सम्मानपूर्वक और जिम्मेदारी से यात्रा करें, जिससे असुविधा एवं जुर्माने से बचा जा सके।

### मुंबई नगर जिला के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज महास्व अभियान के अंतर्गत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर 2025 से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुंबई नगर कलेक्ट्रेट द्वारा त्रिमूर्ति परिसर, मंत्रालय और विल्सन कॉलेज, गिरगांव में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कलेक्ट्रेट की ओर से नागरिकों से सरकारी सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने, सेवा पखवाड़ा में भाग लेने और विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सरकार की आधिकारिक वेबसाइट, फेसबुक पेज और आधिकारिक चैनलों का अनुसरण करने की अपील की गई।

# पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा 70वें रेल सेवा पुरस्कार का जश्न बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

## समर्पण की पहचान, उत्कृष्टता को प्रेरणा

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने अपने कर्मचारियों के अथक और समर्पित प्रयासों को मान्यता देने के लिए 70वें रेल सेवा पुरस्कार का आयोजन भव्यता और उत्साह के साथ किया। इस प्रतिष्ठित समारोह के मुख्?य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज सिंह थे, जिन्?होंने इस समारोह की अध्यक्षता भी की। श्री सिंह ने पश्चिम रेलवे में सुरक्षित और सुचारू रेल परिचालन सुनिश्चित करने में कर्मचारियों की ईमानदारी, अनुशासन और प्रतिबद्धता की सराहना की।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई सेंट्रल मंडल के विभिन्न विभागों के कुल 143 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पित सेवा के लिए व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न टीमों को उनकी सहयोगात्मक उपलब्धियों और क्षेत्रीय प्रदर्शन के लिए 29 विभागीय शील्ड प्रदान की गईं, जो टीम वर्क की प्रबल भावना




को दर्शाती हैं।

अपने संबोधन में श्री पंकज सिंह ने उन कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की, जो लगातार चुनौतियों का सामना करते हैं और इस बात पर ज़ोर दिया कि उनका समर्पण पश्चिम रेलवे में दक्षता, सुरक्षा और यात्री संतुष्टि बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने परिचालन उत्कृष्टता प्राप्त करने में सामूहिक ज़िम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और मुंबई सेंट्रल मंडल के कर्मचारियों द्वारा मानसून अवधि के दौरान किए गए चुनौतीपूर्ण कार्य की विशेष सराहना की।

इस कार्यक्रम में मुंबई सेंट्रल मंडल के सभी वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने पुरस्कार विजेताओं की सराहना की। यह रेल सेवा पुरस्कार न केवल व्यक्तिगत और विभागीय उत्कृष्टता का सम्मान करता है, बल्कि एक सशक्त प्रेरक के रूप में भी कार्य करता है, जो कर्मचारियों को सेवा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और पश्चिम रेलवे के सुरक्षित, कुशल और यात्री-अनुकूल संचालन के मिशन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रेरित करता है।

# रेलवे पुलिस ने केईएम अस्पताल के अपहरण बच्चे को बचाया

मुंबई। परेल के केईएम अस्पताल से अपहरण और लंबी दूरी की ट्रेन में ले जाए जा रहे 2 वर्षीय लड़के को रेलवे पुलिस ने बचा लिया है। इस संदिग्ध आरोपी का नाम अमोल उदलकर है, और वह 17 सितंबर को 14:45 बजे तुतारी एक्सप्रेस में बच्चे को ले जा रहा था। इस घटना में 2 वर्षीय लड़के को केईएम अस्पताल से चोरी किया गया था। इस संबंध में भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बच्चे का अपहरण करने के बाद आरोपी क्या करने वाला था।

वर्तमान में, बच्चे को मेडिकल जांच के बाद डोंबिवली के जननी आशीष चैरिटेबल ट्रस्ट में सुरक्षित रखा गया है। बताया गया है कि रेलवे पुलिस ने आरोपी को भोईवाड़ा पुलिस को सौंप दिया है। आरोपी छोटे लड़के का अपहरण किया था और जब वह भाग रहा था, तो संदिग्ध आरोपी को एक्सप्रेस से हिरासत में लिया गया है।




17 सितंबर को रात में 3:30 बजे, वाडीबंदर नियंत्रण कक्ष रेलवे पुलिस को रेलवे पुलिस की हेल्पलाइन 1512 के माध्यम से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति तुतारी एक्सप्रेस के एस-2 कोच से एक बच्चे को ले जा रहा है। तदनुसार, ठाणे रेलवे पुलिस के ठाणे अनमलदार धुमाले, जो ड्यूटी पर थे, ने इस पर ध्यान दिया। उन्होंने यह जानकारी ठाणे रेलवे पुलिस की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने को दी और उनके निर्देशानुसार, ठाणे रेलवे स्टेशन की ड्यूटी पुलिस अधिकारी ताजणे, महिला पुलिस कांस्टेबल गोपाल, टिचकुले बिना देर किए ठाणे रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में उपस्थित हुए। इस समय, संदिग्ध की तलाश की गई और उसे बच्चे के साथ हिरासत में लिया गया। फिर, वरिष्ठों के निर्देशानुसार, संदिग्ध अमोल अनंत उदलकर (इंदील, ता. देवगढ़, जिला सिंधुदुर्ग) से आगे की पूछताछ की गई। यह पता चलने के बाद कि संदिग्ध ने बच्चे का अपहरण किया है, पुलिस ने बच्चे की चिकित्सकीय जांच की है और उसे सुरक्षा के लिए जननी आशीष चैरिटेबल ट्रस्ट (डोंबिवली) में रखा है।

इस बीच, आरोपी को अब भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन की पुलिस को सौंप दिया गया है। इस मामले में आगे की जांच वहां की जा रही है।

यह कार्य रेलवे पुलिस आयुक्त राकेश कलासागर, पुलिस उप आयुक्त (मध्य परिमंडल) प्रज्ञा ज़ेडगे, सहायक पुलिस आयुक्त (कल्याण विभाग) नंदराज पाटिल के मार्गदर्शन और ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्चना दुसाने के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक चिमनाजी केंद्र के मार्गदर्शन में अधिकारी विजय गोपाल, प्रमोद देशमुख, धुमाले, ताजने, महिला पुलिस कांस्टेबल गोपाल, टिचकुले और अपराध जांच दल के पुलिस अधिकारियों द्वारा किया गया।

# रेलवे मुंबई-नांदेड़ के बीच 4 विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

त्योहारों के सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई और हजूर साहिब नांदेड़ के बीच 4 विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा।

विवरण इस प्रकार हैं: एलटीटी - हजूर साहिब नांदेड़ - एलटीटी साप्ताहिक विशेष (4 सेवाएँ) ट्रेन संख्या 07604 विशेष दिनांक 23.09.2025 से 30.09.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को एलटीटी, मुंबई से 16.35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 06.30 बजे एच एस नांदेड़ पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 07603 विशेष दिनांक 22.09.2025 से 29.09.2025 तक प्रत्येक सोमवार को 23.45 बजे एच एस नांदेड़ से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.40 बजे एलटीटी, मुंबई पहुँचेगी। संरचना: एक प्रथम श्रेणी वातानुकूलित, दो वातानुकूलित 2 टियर, 6 वातानुकूलित 3 टियर, 6 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 जनरेटर वैन और 1 पेंट्री कार। ठहराव: ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड,




नागरसोल, रोटेगांव, लासूर, औरंगाबाद, जालना, परतुर, सेलू, मानवत रोड, परभणी और पूर्णा। आरक्षण: विशेष ट्रेन संख्या 07604 के लिए बुकिंग दिनांक 20.09.2025 को सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर शुरू होगी। अनारक्षित डिब्बों के टिकट यूटीएस के माध्यम से सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए लागू सामान्य शुल्क पर बुक किए जा सकते हैं। विस्तृत समय और ठहराव के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या एनटीईएस ऐप डाउनलोड करें।

# घाटकोपर रेलवे स्टेशन पर जेसीबी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत - जेसीबी चालक जेसीबी मशीन लेकर हुआ फरार

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। पिछले कुछ दिनों से घाटकोपर रेलवे स्टेशन पर पुरानी टिकट खिड़कियों को तोड़कर नई बनाने का काम चल रहा है। इसके लिए पुरानी इमारत का मलबा हटाने का काम चल रहा है। इसी काम में इस्तेमाल की जा रही जेसीबी के नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और आरोपी जेसीबी चालक भरत यादव फिलहाल फरार है। रेलवे पुलिस उसकी तलाश कर रही है,

कुर्ला रेलवे पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संभाजी यादव ने बताया। यह दुर्घटना 17 सितंबर (बुधवार) की आधी रात के आसपास हुई। इस जगह पर पुरानी संरचना को गिराने, उसका मलबा हटाने और अन्य तोड़फोड़ का काम चल रहा है। इसके लिए जेसीबी क्रमांक MH 02 - E UV - 6747 का इस्तेमाल किया जा रहा है और भरत यादव इसके चालक के रूप में काम करते हैं। रात में यह काम करते समय रात 12 बजे मृतक अज्ञात व्यक्ति जेसीबी के नीचे कुचला गया। हालांकि, जैसे ही चालक को इसका आभास हुआ, चालक भरत यादव जेसीबी सहित मौके से फरार हो गया। रेलवे पुलिस ने कुचले हुए अज्ञात व्यक्ति को रात 1 बजे राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया। हालाँकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसलिए, पुलिस ने अब आरोपी भरत यादव के खिलाफ काम में लापरवाही और लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। चूँकि आरोपी ड्राइवर भरत यादव भांडुप में रहता है, इसलिए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संभाजी यादव के मार्गदर्शन में पुलिस वहाँ गई थी। हालाँकि, संभाजी यादव ने बताया कि वह इस समय अपने परिवार के साथ बाहर गए हुआ हैं। और मामले की आगे की जांच चंद्रकांत चौधरी पुलिस निरीक्षक कर रहे है

चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ की अपील

# मरीजों की देखभाल को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों को हड़ताल वापस लेनी चाहिए

मुंबई। चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने राज्य के डॉक्टरों से मरीजों की देखभाल पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए हड़ताल वापस लेने की अपील की है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने यह भी आशा व्यक्त की है कि मरीज कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की चिकित्सा संघ की परंपरा जारी रहेगी।

भारतीय चिकित्सा संघ से अपील करते हुए, चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने कहा है कि कानून और न्याय विभाग और महाधिवक्ता की राय के अनुसार, महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल को राज्य में पंजीकृत होम्योपैथिक मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के लिए एक अलग पंजीकरण पुस्तिका बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, जिन्होंने महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल अधिनियम, 1965 की अनुसूची की प्रविष्टि 28 के तहत मॉडर्न फार्मेसी (सीसीएमपी) में सर्टिफिकेट कोर्स पास किया है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

वृक्ष प्राधिकरण

-सार्वजनिक सूचना-

महाराष्ट्र (नगरीय क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम, 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) के प्रावधानों के अनुसार, जोन-VI के 'टी' वार्ड से वृक्षों को हटाने के लिए 01 प्रस्ताव, अर्थात् कुल 01 प्रस्ताव, नगर आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण, बीएमसी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा (8) की उपधारा (6) के अंतर्गत अनुमोदित किया गया है।

उपर्युक्त प्रस्तावों में काटे जाने/रोपण हेतु वृक्षों की जानकारी बीएमसी वेबसाइट - https://portal.mcgm.gov.in/ पर उपलब्ध है। हमारे बारे में: वार्ड/विभाग नियमावली/उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण 64 (टी)।

अधीक्षक उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी
अधीक्षक कार्यालय. उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी,
दूसरी मंजिल, हम्बोल्ट पेंगुइन बिल्डिंग,
वी.जे.बी बॉटनिकल उद्यान एवं चिड़ियाघर, संत. सावता माली मार्ग,
बायकुला (पूर्व), मुंबई-400 027
दूरभाष क्रमांक 23742162
ईमेल-sg.gardens@mcgm.gov.in

पीआरओ/1648/विज्ञा./2025-26 | उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।

पश्चिम रेलवे

कांदिवली स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008, नीलामी सूची संख्या: MMCT-ADVT-25-38 आमंत्रित करते हैं। **नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट):** 06-10-25 को 15:00 बजे। **कार्य** - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करना। **लॉट संख्या:** ADVT-BCT-KILE-OSN-438-25-1 (स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल))। **स्थान/क्षेत्र:** कांदिवली (KILE) स्टेशन के प्लेटफार्मों पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार। दिन: 1096। **ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय:** 06-10-25 को 15:30 बजे। **संपर्क विवरण:** लैंडलाइन नंबर: 022 67644212, ईमेल आईडी: acmadvtgbct@gmail.com **नोट:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ईंझिए की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें।लॉटवार विवरण नीचे दिए गए कैटलॉग में उपलब्ध हैं। 0606

हमें फॉलो करें facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे

रखरखाव एवं मरम्मत कार्य

वरिष्ठ डीईई/टीआरएस/बीएल विद्युत लोको शेड, पश्चिम रेलवे, वलसाड: 396 001 (गुजरात) ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/21 दिनांक 12/09/2025 आमंत्रित करता है। **कार्य:** ईएलएस/वलसाड में 2 वर्ष की अवधि के लिए सैंड बॉक्स और उसके सहायक उपकरणों का पूर्ण रखरखाव एवं मरम्मत, सैंड बॉक्स में रेत भरना, वीसीबी, बीवी बॉक्स, रूफ सीटिंग, दरवाजे, खिड़की आदि के गैस्केट बदलना और सभी प्रकार के लोको के रूफ चैनल की मरम्मत। **कार्य की अनुमानित लागत:** 48,71,180.56/- **अग्रिम जमा राशि:** 97,400/- **जमा करने की तिथि और समय:** 07.10.2025, दोपहर 12:00 बजे तक **खोलने की तिथि और समय:** 07.10.2025 को दोपहर 12:30 बजे। वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in 0602

हमें फॉलो करें facebook.com/WesternRly





बांस की खेती से सतत पर्यावरणीय विकास संभव

# ग्रामीण विकास और हरित महाराष्ट्र को बढ़ावा - मंत्री भरत गोगावले

## विश्व बांस दिवस के अवसर पर यहाँ सम्मेलन आयोजित

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई।यदि हमें पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है और पृथ्वी के क्षरण को रोकना है, तो वृक्षारोपण के साथ-साथ बांस की खेती भी एक प्रमुख विकल्प है। बांस की खेती से किसानों को लाभ के साथ-साथ सतत पर्यावरणीय विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का सृजन होगा। रोजगार गारंटी मंत्री भरत गोगावले ने कहा कि राज्य सरकार हरित महाराष्ट्र के सपने को साकार करने के लिए 21 लाख हेक्टेयर भूमि पर बांस लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्व बांस दिवस के अवसर पर, यशवंतराव चव्हाण केंद्र में 'मित्र' और फीनिक्स फाउंडेशन लॉजा, लातूर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'लोगों, ग्रह और समृद्धि के लिए बांस' सम्मेलन का उद्घाटन रोजगार गारंटी एवं बागवानी मंत्री भरत गोगावले ने किया। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री एडवोकेट. आशीष जायसवाल, सहकारिता राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर, गुजरात के पूर्व मंत्री भूपेंद्रसिंह चुडासमा, राज्य कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पर्यावरण सतत विकास कार्य बल के कार्यकारी अध्यक्ष पाशा पटेल, मित्रा के सीईओ प्रवीण परदेशी, मालविका हर्बोफार्मा के निदेशक दिनेश शर्मा, गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के समूह अध्यक्ष और कॉर्पोरेट मामलों के प्रमुख राकेश स्वामी, रॉयल कैस्टर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक।



हरेश व्यास, एशियाई विकास बैंक के प्रतिनिधि ताकेशी ओयेडा, पर्यावरण बांस उद्योग के जाने-माने विशेषज्ञ और किसान उपस्थित थे।

रोजगार गारंटी योजना मंत्री भरत गोगावले ने कहा, बांस एक नकदी फसल है और तेजी से बढ़ने वाली वनस्पति प्रजातियों में से एक है। अगर तीन-चार साल तक इसकी देखभाल की जाए, तो चौथे-पाँचवें साल से आय शुरू हो जाती है। इससे किसानों की प्रगति, ग्रामीण विकास को बढ़ावा और हरित विकास को बल मिलेगा। बांस का उपयोग निर्माण, फर्नीचर, कपड़ा, ऊर्जा, पैकेजिंग और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाता है। ग्रामीण युवाओं को रोज़गार प्रदान करने और बंजर भूमि का उपयोग करने के लिए बांस की खेती पर जन जागरूकता और व्यावसायिक दृष्टिकोण प्रदान करने वाले कार्यक्रम आयोजित करना आवश्यक है। उन्होंने इस अवसर पर यह भी बताया कि सरकार बांस की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 7 लाख रुपये तक की सब्सिडी दे रही है और किसानों को इसे चुकाना नहीं पड़ता है। शहरीकरण की बढ़ती लहर के कारण ग्रामीण आबादी में कमी का उल्लेख करते हुए, श्री गोगावले ने कहा कि बांस जैसे फसल विकल्पों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर पैदा होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती मिलेगी।

महाराष्ट्र बागवानी में अग्रणी है और राज्य को बांस की खेती, उत्पादन और बांस आधारित उद्योगों में अग्रणी बनाने के लिए, लोगों को बांस के महत्व के बारे में समझाने के लिए अधिक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। श्री गोगावले ने यह भी कहा कि राज्य सरकार इसके लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। कृषि राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है। पर्यावरण बिगड़ रहा है और इसके परिणाम अगली पीढ़ी को भुगतने होंगे। हमारे पूर्वजों ने हमें जल, ज़मीन और जंगल की एक महान विरासत दी है, जिसका हमें संरक्षण करना चाहिए। इन सभी परिस्थितियों में बाँस की खेती हमें बचा सकती है। वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बाँस की खेती के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों में बाँस की खेती पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। पहले तीन वर्षों में किसानों को वित्तीय सहायता कैसे प्रदान की जाए, इस पर भी विचार किया जाएगा। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षति को रोकने के लिए सरकार ने बाँस की खेती को और अधिक प्रोत्साहन और सहायता प्रदान की है। राज्य मंत्री एडवोकेट जायसवाल ने कहा कि बाँस की खेती से किसानों के जीवन में आर्थिक स्थिरता आएगी।

2008 मालेगांव विस्फोट मामला

# बरी हुए 7 आरोपियों को बॉम्बे हाईकोर्ट का नोटिस

## 6 हफ्तों में जवाब दाखिल करने का आदेश

मुम्बई **(एजेंसी)**। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ित परिवारों की अपील पर बरी किए गए सात लोगों को नोटिस जारी किए। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किए और मामले की सुनवाई छह हफ्ते बाद तय की। विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिवारों द्वारा यह अपील विशेष एनआईए अदालत के 31 जुलाई के फैसले को चुनौती देते हुए दायर की गई है, जिसमें पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया गया था। याचिका में तर्क दिया गया है कि जाँच में खामियाँ या कमियाँ बरी करने का औचित्य नहीं सिद्ध कर सकतीं। याचिका में ज़ोर देकर कहा गया है कि साज़िश गोपनीयता से रची गई थी और इसलिए प्रत्यक्ष



साक्ष्य नहीं हो सकते। याचिका में कहा गया है कि बरी करने का आदेश गलत और क़ानूनी रूप से खराब है और इसे रद्द किया जाना चाहिए।

29 सितंबर, 2008 को नासिक ज़िले के मालेगांव कस्बे में एक मस्जिद के पास विस्फोटकों से लदी एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 101 अन्य घायल हो गए।

याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि निचली अदालत ने सिर्फ़ एक डाकघर की तरह काम किया और अभियुक्तों को फ़ायदा पहुँचाने के लिए कमज़ोर अभियोजन की अनुमति दी। अपील में कहा गया है दुर्भाग्य से निचली अदालत ने सिर्फ़ एक डाकघर की तरह काम किया है और अभियुक्तों को फ़ायदा पहुँचाने के लिए कमज़ोर अभियोजन की अनुमति दी है। अपील में एनआईए की जाँच के तरीके पर भी सवाल उठाए गए हैं और आरोप लगाया गया है कि राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) से कार्यभार संभालने के बाद एजेंसी ने आरोपों को कमज़ोर कर दिया। एटीएस ने पहले सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था और एक साज़िश का पर्दाफ़ाश करने का दावा किया था। याचिका के अनुसार, इन गिरफ्तारियों के बाद से, अल्पसंख्यक आबादी वाले इलाकों में किसी भी विस्फोट की सूचना नहीं मिली है।

# 'कैम्ब्रिज' के साथ समझौता स्कूली शिक्षा में एक ऐतिहासिक कदम - डॉ. पंकज भोयर

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

महाराष्ट्र राज्य प्रशासन, बुनियादी ढाँचे और नवीन पहलों में निरंतर नए मानक स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने कहा कि कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट के साथ आज हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन स्कूली शिक्षा में विश्वस्तरीय मानकों की ओर एक कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह समझौता छात्रों के भविष्य को आकार देगा और नवोन्मेषी एवं नेतृत्व-प्रधान युवाओं की नई पीढ़ी को दिशा प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के तहत राज्य में स्कूल शुरू किए जा रहे हैं और ये स्कूल शैक्षणिक उत्कृष्टता, कौशल विकास और सर्वांगीण शिक्षा के लिए एक आदर्श बनेंगे। हमारे सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में, सामान्य परिवारों के लाखों बच्चे असाधारण सपने देखते हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इन बच्चों को न केवल शिक्षा मिले, बल्कि गुणवत्तापूर्ण प्रमाणपत्र भी मिलें। आज के समझौते के साथ, हमने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है। डॉ. भोयर ने कहा। इस ज्ञान साझेदारी के तहत जलवायु शिक्षा, पाठ्यक्रम सुधार, पुस्तकालय और शैक्षिक संसाधनों का प्रावधान, शिक्षक क्षमता निर्माण और मुक्त विद्यालयी शिक्षा जैसी पहलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल अंकों में सुधार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य छात्रों को आत्मविश्वास, कौशल और वैश्विक तैयारी प्रदान करना भी है। डॉ. भोयर ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए महाराष्ट्र शिक्षा के क्षेत्र में देश का नेतृत्व करेगा। उन्होंने कैम्ब्रिज के साथ समझौते में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आभार व्यक्त किया।

प्रमुख सचिव देओल ने प्रस्तावना में इस समझौते की जानकारी दी। इस बीच, कैम्ब्रिज के रॉड स्मिथ ने महाराष्ट्र सरकार के साथ हुए समझौते को अपना सम्मान बताया और कहा कि हम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह समझौता अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श बनेगा।

# राज्य में अन्नासाहेब पाटिल आर्थिक पिछड़ा विकास निगम के सभी लाभार्थियों को सीएससी केंद्रों से उचित दरों पर सेवाएँ उपलब्ध होंगी

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

मुंबई। अन्नासाहेब पाटिल आर्थिक पिछड़ा विकास निगम के लाभार्थी अब सीएससी केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) से निगम की योजनाओं का लाभ उचित दरों पर प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में निगम के प्रबंध निदेशक विजयसिंह देशमुख और सीएससी केंद्र प्रमुख वैभव देशपांडे की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, यह जानकारी अन्नासाहेब पाटिल आर्थिक पिछड़ा विकास निगम के उप महाप्रबंधक आकाश मोरे ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

इस समझौते के अनुसार, अन्नासाहेब पाटिल आर्थिक पिछड़ा विकास निगम के लाभार्थी अब अपने नजदीकी किसी भी सीएससी केंद्र पर जाकर निगम की योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने, दस्तावेज़ अपलोड करने, योजना की वर्तमान स्थिति की जाँच करने और आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

सीएससी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को विभिन्न सरकारी और निजी सेवाएँ प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। निगम द्वारा सीएससी केंद्रों के साथ किए गए समझौते के कारण, निगम के लाभार्थियों को योजना का लाभ लेने के लिए ज़िले में जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनके समय और धन की बचत होगी।

निगम अध्यक्ष नरेंद्र अन्नासाहेब पाटिल ने कहा, 'इस समझौते से, निगम की योजनाएँ राज्य के कोने-कोने में ज़रूरतमंद और योग्य युवाओं तक पहुँच सकेंगी। उन्हें कम लागत पर और उनके घरों के पास ही आवश्यक सेवाएँ प्रदान करके, मराठा समुदाय के युवाओं को स्वरोज़गार के लिए प्रोत्साहित करके उन्हें उद्यमी बनाने के निगम के उद्देश्य को पूरा करना आसान होगा।'

चूँकि राज्य में 72 हज़ार से ज़्यादा सीएससी केंद्र संचालित हैं, इसलिए इनके माध्यम से अन्नासाहेब पाटिल निगम के लाभार्थियों से उनके गाँव से ही पात्रता प्रमाण पत्र (एलओआई) दस्तावेज़, बैंक ऋण और बैंक किस्त अपलोड करने के लिए 70 रुपये प्रति व्यक्ति का शुल्क लिया जाएगा। इस समझौते से लाभार्थियों का समय बचेगा और उन्हें जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। भविष्य में, लाभार्थियों के लिए निगम के मोबाइल ऐप और चैट बॉट जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी। निगम के प्रबंध निदेशक ने राय व्यक्त की है कि इस नई पहल से निगम की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया आसान, पारदर्शी और लागत प्रभावी हो जाएगी।

# 'वोट चोरी' पर राहुल के दावों से चढ़ा महाराष्ट्र का सियासी पारा, कांग्रेस बोली- फडणवीस इस्तीफा दें

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

राहुल गांधी के वोट चोरी के दावों से महाराष्ट्र का सियासी पारा चढ़ गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चंद्रपुर जिले के राजुरा विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी का पर्दाफाश करने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। सपकाल ने दावा किया कि राजुरा में 6850 वोटों में हेराफेरी की गई और यहां तक कि फडणवीस के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय के तहत राज्य पुलिस ने भी इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की।



सपकाल ने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर उजागर कर दिया है कि किस तरह महाराष्ट्र में लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। राजुरा में 6,000 से अधिक वोटों की चोरी, जिसकी पुष्टि अब मुख्यमंत्री फडणवीस की अपनी पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से हो गई है, यह साबित करता है कि महायुति गठबंधन को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग की मदद से वोट चुराकर सत्ता हासिल की। फडणवीस को अपनी आंखें खोलनी चाहिए और तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एक राजनीतिक नेता की तरह बोल रहे हैं। लोकतंत्र को नष्ट करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा भारत को नेपाल या श्रीलंका जैसा बनाना चाहते हैं।

जीएसटी सुधार राहुल गांधी की दूरदर्शिता की जीत

सपकाल ने जीएसटी सुधारों को राहुल गांधी की दूरदर्शिता की जीत' बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने आठ साल पहले जीएसटी सुधारों की मांग की थी और सरकार आज उन बदलावों को लागू कर रही है। कांग्रेस 22 सितंबर को राज्य भर में व्यापारियों को मिठाई बांटकर इस अवसर का जश्न मनाएगी।

उन्होंने राज्य में भारी बारिश के कारण किसानों को हुए फसल नुकसान के लिए 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर और कृषि भूमि कटाव के लिए 5 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजे की मांग की। उन्होंने रबी सीजन के लिए मुफ्त बीज और उर्वरक के साथ-साथ कृषि ऋण माफी की भी मांग की।

सपकाल ने स्कूलों में तीसरी भाषा थोपने का आरोप लगाते हुए कहा कि मराठी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। एक और भाषा थोपकर फडणवीस मराठी की पीठ में छुरा घोंप रहे हैं। भाजपा भारत की विविधता में एकता की पहचान को मिटाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस ऐसे किसी भी कदम का विरोध करेगी।

# वडनगर रेलवे स्टेशन पर आईआरसीटीसी द्वारा फूड प्लाज़ा का शुभारंभ

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वडनगर रेलवे स्टेशन पर आधुनिक फूड प्लाज़ा का शुभारंभ किया है, जिससे यात्रियों की सुविधाओं और यात्रा के आराम में और वृद्धि हुई है।

'माननीय रेल मंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और आईआरसीटीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में, यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ और उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करने के लिए आईआरसीटीसी निरंतर नई पहलें कर रहा है।'

383 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला यह फूड प्लाज़ा यात्रियों के लिए 52 सीटों की आरामदायक बैठने की व्यवस्था उपलब्ध कराता है और इसे विशेष चाय-थीम पर विकसित किया गया है। यात्री यहाँ पारंपरिक कटिंग चाय से लेकर प्रीमियम अंतरराष्ट्रीय किस्मों जैसे जैस्मीन, अर्ल ग्रे और ग्रीन टी तक का स्वाद ले सकते हैं। इस आकर्षण को और बढ़ाने के लिए प्रवेश द्वार पर विशेष रूप से तैयार




किया गया विंटेज टी स्टॉल पारंपरिक चाय की दुकानों के माहौल को पुनः जीवंत करता है।

इस अवसर पर गौरव झा, समूह महाप्रबंधक, आईआरसीटीसी पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई ने कहाः 'वडनगर रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाज़ा यात्रियों को विश्वस्तरीय सेवाएँ प्रदान करेगा और उनकी यात्रा के अनुभव को और समृद्ध बनाएगा। चाय-थीम पर आधारित यह अवधारणा इस सुविधा को विशिष्ट और यात्री-मैत्रीपूर्ण बनाती है।'

# पुणे में कार और ट्रक की टक्कर से दो छात्रों की मौत, दो अन्य घायल

महाराष्ट्र के पुणे जिले में बृहस्पतिवार सुबह मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग पर एक कार के ट्रक से टकराने की घटना में कम से कम दो कॉलेज छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह लगभग पौने छह बजे देहू रोड स्थित ईदगाह मैदान के पास हुई, जब चार छात्र लोनावला हिल स्टेशन से लौट रहे थे। देहू रोड थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कार ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। चारों छात्र सिंबायोसिस कॉलेज में बीबीए की पढ़ाई कर रहे थे और वे घूमने के लिए लोनावला गए थे। हादसा उस समय हुआ जब वे पुणे लौट रहे थे।

अधिकारी ने बताया, ''दुर्घटना में दिव्य राज सिंह राठौड़ (20) और सिद्धांत आनंद शेखर (20) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्र हर्ष मिश्रा (21) और निहार तंबोली (20) मामूली रूप से घायल हुए हैं।

उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।'' पुलिस ने बताया कि मुंबई के वडाला निवासी ट्रक चालक मनीष कुमार सूरज मणिपाल (39) को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# 'नया भारत-सांस्कृतिक महाशक्ति' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, बृहन्मुंबई महानगरपालिका के स्कूलों के 75 हज़ार छात्रों ने भाग लिया

मुंबई(संवाददाता)

मंत्र न्यूज

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के स्कूलों के छात्रों के लिए 'नया भारत-सांस्कृतिक महाशक्ति' विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महानगरपालिका के 345 स्कूलों के 75 हज़ार छात्रों ने भाग लिया।

यह प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्य मंत्री एवं मुंबई उपनगरीय ज़िले के पालक मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्य विभाग, पी. एल. देशपांडे महाराष्ट्र कला अकादमी और बृहन्मुंबई महानगरपालिका के सहयोग



से आयोजित की गई।

यह प्रतियोगिता गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 को तीन समूहों में आयोजित की गई। पहले समूह में कक्षा 1 से 4 तक के छात्र, दूसरे समूह में कक्षा 5 से 7 तक के छात्र और तीसरे समूह में कक्षा 8 से 10 तक के छात्र शामिल हुए। पहले समूह के लिए रंगभरण प्रतियोगिता, दूसरे समूह के लिए शिवकालीन गढ़ किले, ऑपरेशन सिंदूर, डिजिटल इंडिया और तीसरे समूह के लिए नया भारत-सांस्कृतिक महाशक्ति, महाराष्ट्र की समृद्ध संस्कृति, बदलता भारत विषय दिए गए थे।

यह प्रतियोगिता बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी, ??सांस्कृतिक कार्य विभाग की सचिव डॉ. किरण कुलकर्णी, अतिरिक्त महानगरपालिका आयुक्त (पूर्वी उपनगर) डॉ. अमित सैनी, उपायुक्त (शिक्षा) डॉ. (सुश्री) प्राची जांभेकर, सांस्कृतिक कार्य विभाग की उपसचिव नंदा राउत के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थी। शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुजाता खरे ने प्रतियोगिता की योजना बनाई। पी. एल. देशपांडे कला अकादमी की निदेशक श्रीमती मीनल जोगलेकर और निर्माण प्रतिष्ठान के गुरुचरण सिंह संधू भी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# ट्रंप ने कॉल कर पीएम मोदी को दिया बड़ा संकेत, बंद नहीं हुए हैं भारत-अमेरिकी रिश्तों के दरवाजे

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन पर हुई बातचीत से द्विपक्षीय संबंधों में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाने से बने अनिश्चितता के माहौल में इस बातचीत को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका एवं वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

इससे उस संभावना को भी बल मिला है कि आने वाले समय में शुल्क के मसले को सुलझाने के लिए सकारात्मक पहल की जा सकती है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में नई ऊर्जा का प्रवाह होगा। क्योंकि, दोनों राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत से पहले भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता का नया दौर भी शुरू हो गया है, जो अमेरिकी शुल्क की घोषणा के बाद से थम गया था। यानी दोनों देशों के बीच रिश्तों पर जमी आशंकाओं और अविश्वास की बर्फ अब पिघलने लगी है।

ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर कई मसलों पर अपनी राय रखी और द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। यही नहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यों की सराहना भी की और यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के प्रयासों में सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। अमेरिका की ओर से भारत पर पचास फीसद शुल्क लगाए जाने के बाद से ट्रंप ने पहली बार प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर उनसे बातचीत की है।

इसे इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि यह बातचीत दोनों नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर संदेशों के आदान-प्रदान के कुछ दिनों बाद हुई है और इससे संबंधों को फिर से बेहतर बनाने के संकेत मिलते हैं। ट्रंप ने पहले भारत से अमेरिका को निर्यात की जानी वाली वस्तुओं पर पच्चीस फीसद शुल्क लगाया और फिर रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जुर्माने के तौर पर पच्चीस फीसद अतिरिक्त शुल्क लगाने का एलान कर दिया। इससे भारत और अमेरिका के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। भारत ने अमेरिका के इस फैसले को अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया था।

पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकारों की ओर से भारत को लेकर जिस तरह के बयान आ रहे थे, उससे साफ नजर आ रहा था कि यह सिर्फ दबाव बनाने की रणनीति है। मगर, भारत की ओर से पहले ही स्पष्ट कर दिया गया है कि राष्ट्रहित से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। फिर चाहे बात शुल्क की हो या व्यापार समझौते में अमेरिकी शर्तों की। विदेशी मामलों के जानकारों का मानना है कि अमेरिका को लग रहा था कि उसकी शुल्क नीति से भारत दबाव में आ जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इस बीच, पिछले दिनों चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भारत, रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्षों का एक मंच पर आना भी अमेरिका के लिए बड़ा कूटनीतिक संदेश था। इसके बाद ट्रंप का वह बयान भी चर्चा में रहा, जिसमें उन्होंने कहा था कि ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। जाहिर है, अमेरिका विश्व में भारत की बढ़ती साख और अहमियत को ज्यादा दिन तक नजरअंदाज नहीं कर सकता और यही वजह है कि भारत से संबंधों को लेकर अब उसके रुख में नरमी देखी जा रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बातचीत को जो सिलसिला शुरू हुआ है, वह आगे भी जारी रहेगा और साझा हितों को साधने की कोशिश की जाएगी।



# टेक्नोलॉजी के चैंपियन हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

अश्विनी वैष्णव

क्या आपको वह समय याद है जब सरकारी दस्तावेज़ को हासिल करना कितना मशक्कत का काम होता था ? कई बार चक्कर लगाने पड़ते थे, लंबी लाइनें लगती थीं, और कभी-कभी बेवजह की फीस देनी पड़ती थी। अब वही दस्तावेज़ सीधे आपके फ़ोन पर मिल जाते हैं।

यह बदलाव यूं ही नहीं हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने तकनीक को भारत का सबसे बड़ा समान अवसर देने वाला साधन बना दिया। मुंबई का एक रेहड़ी-पटरी वाला वाला भी वही यूपीआई पेमेंट सिस्टम इस्तेमाल करता है, जो एक बड़ी कंपनी का अधिकारी करता है। उनकी सोच में तकनीक पद के अनुरूप किसी ऊंच-नीच को नहीं मानती।

यह बदलाव उनकी मूल सोच अंत्योदय को दर्शाता है- यानी कतार में खड़े सबसे आखिरी व्यक्ति तक पहुंचना। हर डिजिटल पहल का मकसद है कि तकनीक को सबके लिए समान रूप से उपलब्ध कराना। गुजरात में शुरू हुए ये प्रयोग ही भारत की डिजिटल क्रांति की नींव बने।

गुजरातः जहां से शुरुआत हुई

मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी जी ने तकनीक और नवाचार के ज़रिए गुजरात को बदला। 2003 में शुरू की गई ज्योतिग्राम योजना में फीडर सेपरेशन तकनीक का उपयोग किया गया। इससे ग्रामीण उद्योगों को 247 बिजली मिली और तय समय पर खेतों को बिजली मिलने से ज़मीन के नीचे का पानी कम गति से घटने लगा।

ाहिलाएं रात में पढ़ाई कर सकीं और छोटे व्यवसाय फले-फूले, जिससे गाँव से शहर की ओर पलायन घटा। एक अध्ययन के अनुसार, इस योजना पर किए गए 1,115 करोड़ रुपये के निवेश की भरपाई सिर्फ़ ढाई साल में हो गई।

2012 में उन्होंने नर्मदा नहर पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया। इस परियोजना से हर साल 1.6 करोड़ यूनिट बिजली बनी, जो लगभग 16,000 घरों के लिए काफ़ी थी। साथ ही, नहर के पानी का वाष्पीकरण कम हुआ और पानी की उपलब्धता बढ़ी।

एक ही पहल से कई समस्याओं का समाधान निकालना मोदी जी की तकनीक दृष्टि को दर्शाता है। स्वच्छ ऊर्जा बनाना और पानी बचाना, दोनों साथ-साथ। यह दक्षता और प्रभाव का उदाहरण था, जो साधारण समाधानों से कहीं अधिक था। इस नवाचार को अमेरिका और स्पेन द्वारा अपनाया जाना इसकी प्रभावशीलता को और मज़बूत करता है।

ई-धरा प्रणाली से ज़मीन के कागज़ात डिजिटल हुए। स्वागत पहल से नागरिक वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा मुख्यमंत्री से सीधे जुड़ सके। ऑनलाइन टेंडरिंग से भ्रष्टाचार पर रोक लगी।

इन पहलों से भ्रष्टाचार घटा और सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई। लोगों का शासन पर भरोसा लौटा, जिसका असर गुजरात में लगातार मिलती बड़ी चुनावी सफलताओं में दिखा।

राष्ट्रीय परिदृश्य

2014 में उन्होंने गुजरात का अनुभव और सीख को दिल्ली तक पहुंचाया। लेकिन पैमाना कहीं बड़ा था।

उनके नेतृत्व में इंडिया स्टैक ने जो आकार लिया, वह दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनकर उभरा है। इसकी बुनियाद जैम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) पर रखी गई।

ान धन खातों ने 53 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। जो लोग अब तक आर्थिक रूप से बाहर थे, वे पहली बार औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बने। ठेले वाले, दिहाड़ी मज़दूर और ग्रामीण परिवार, जो केवल नकद पर निर्भर रहते थे, अब बैंक खातों से जुड़े। इससे उन्हें सुरक्षित बचत करने, सीधे सरकारी लाभ पाने और आसानी से क़र्ज़ प्राप्त करने का अवसर मिला।

आधार ने नागरिकों को डिजिटल पहचान दी। अब तक 142 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण हो चुके हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंचना आसान हुई, जहां पहले कई दस्तावेज़ों की जांच की ज़रूरत पड़ती थी।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने बिचौलियों को हटा दिया और गड़बड़ी कम की। अब तक डीबीटी से 4.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। यही पैसा स्कूल, अस्पताल और अन्य बुनियादी ढांचे बनाने में लगाया जा रहा है।

पहले ग्राहक की पहचान (केवाईसी) की प्रक्रिया कठिन थी। इसमें कागज़ी दस्तावेज़ों की जांच, मैनुअल प्रक्रिया और कई बार की भाग-दौड़ शामिल होती थी। इससे सेवा प्रदाताओं को हर वेरिफ़िकेशन पर काफी खर्च करना पड़ता था। आधार-आधारित ई-केवाईसी ने इस खर्च को घटाकर मात्र 5 रुपये में कर दिया। अब छोटे से छोटे लेन-देन भी आर्थिक रूप से संभव हो गए हैं।

यूपीआई ने भारत के भुगतान करने का तरीका बदल दिया। अब तक 55 करोड़ से ज़्यादा लोग इसका इस्तेमाल कर चुके हैं। सिर्फ़ अगस्त 2025 में ही 20 अरब से अधिक लेन-देन हुए, जिनकी कुल राशि 24.85 लाख करोड़ रुपये रही।

अब पैसे भेजना बैंक में घंटों की परेशानी नहीं, बल्कि मोबाइल पर 2 सेकंड से भी कम का काम है। बैंक जाने, लाइन लगाने और कागज़ी प्रक्रिया की जगह अब क्यूआर कोड स्कैन से तुरंत भुगतान हो जाता है। आज भारत दुनिया के कुल रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स का आधा हिस्सा अकेले संभालता है। दस साल पहले भारत ज़्यादातर नकद पर निर्भर था। प्रधानमंत्री मोदी की सोच ने जैम ट्रिनिटी और यूपीआई ढांचे को अंतिम रूप दिया।

जब कोविड आया और उन्होंने डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया, तो यह पूरा सिस्टम कामयाब साबित हुआ। नतीजा यह है कि आज यूपीआई, वैश्विक स्तर पर वीज़ा से भी अधिक लेन-देन करता है। एक साधारण मोबाइल फ़ोन अब बैंक, पेमेंट गेटवे और सर्विस सेंटर... सब कुछ बन गया है।

प्रगति ने शासन में जवाबदेही लाने का काम किया। यह प्लेटफ़ॉर्म प्रधानमंत्री को सीधे प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग से जोड़ता है, जहां हर महीने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए समीक्षा होती है। जब अधिकारियों को पता होता है कि प्रधानमंत्री लाइव वीडियो में उनका काम देखेंगे, तो जवाबदेही अपने आप बढ़ जाती है।

जैसे किसी राजमार्ग परियोजना में देरी हो रही हो, तो प्रगति समीक्षा के दौरान तुरंत उस पर ध्यान दिया जाता है और अधिकारियों को देरी का कारण बताना पड़ता है। इससे तुरंत सुधार होता है और आखिरकार जनता को सीधा लाभ मिलता है।



सबके लिए तकनीक

तकनीक ने खेती और स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बदल दिया है। हरियाणा के किसान जगदेव सिंह अब फ़सल से जुड़े फैसले लेने के लिए एआई ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौसम की जानकारी और मिट्टी की सेहत का डेटा सीधे मोबाइल पर मिल जाता है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के ज़रिए 11 करोड़ किसानों को सीधी आय सहायता डिजिटल माध्यम से पहुंचाई जाती है।

डिजी-लॉकर के अब 57 करोड़ से ज़्यादा उपयोगकर्ता हैं, जिनमें 967 करोड़ दस्तावेज़ डिजिटल रूप से सुरक्षित रखे गए हैं। आपका ड्राइविंग लाइसेंस, डिग्री सर्टिफ़िकेट, आधार और अन्य सरकारी दस्तावेज़ अब आपके फ़ोन में सुरक्षित रहते हैं।

सड़क पर पुलिस चेकिंग के दौरान अब कागज़ ढूंढने की ज़रूरत नहीं। बस डिजी-लॉकर से डिजिटल लाइसेंस दिखा दीजिए। आधार ऑथेंटिकेशन से आयकर रिटर्न भरना भी बेहद आसान हो गया है। जहां पहले ढेर सारे दस्तावेज़ों की फ़ाइलें साथ ले जानी पड़ती थीं, अब सब कुछ आपकी जेब में मोबाइल पर समा गया है।

अंतरिक्ष और नवाचार

भारत ने वह कर दिखाया जो असंभव सा लगता था। मंगल तक पहली कोशिश में पहुंचना और वह भी इतने कम खर्चे में, जितना एक हॉलीवुड फ़िल्म पर भी नहीं लगता। मंगलयान मिशन केवल 450 करोड़ में पूरा हुआ, जिसने साबित किया कि भारतीय इंजीनियरिंग विश्वस्तरीय नतीजे दे सकती है।

चंद्रयान-3 ने भारत को चाँद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनाया और चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश। इसरो ने एक ही मिशन में 104 उपग्रह छोड़े, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। अब भारतीय रॉकेट 34 देशों के उपग्रह अंतरिक्ष में पहुँचा रहे हैं। गगनयान मिशन भारत को चौथा ऐसा देश बनाएगा जो अपनी स्वदेशी तकनीक से इंसानों को अंतरिक्ष में भेजेगा। प्रधानमंत्री मोदी हमारे वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा रखते हैं।

वैश्विक नेतृत्व

जब कोविड-19 आया, तो पूरी दुनिया वैक्सीन बांटने की अफरा-तफरी से जूझ रही थी। भारत ने अपनी ताक़त दिखाते हुए समाधान दिया। कोविन प्लेटफ़ॉर्म रिकॉर्ड समय में बनाया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान का एक संपूर्ण डिजिटल समाधान था।

इस प्लेटफ़ॉर्म ने 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज़ को सटीक डिजिटल ढंग से संभाला। न कोई ब्लैक मार्केटिंग, न पक्षपात सिर्फ़ पारदर्शी वितरण।

डायनैमिक एलोकेशन की वजह से बर्बादी रुकी। बची हुई वैक्सीन तुरंत उन इलाक़ों में भेज दी जाती थी जहां ज़्यादा ज़रूरत थी। यह उपलब्धि दिखाती है कि जब तकनीक को राजनीतिक इच्छाशक्ति का सहारा मिलता है, तो वह बहुत बड़े स्तर पर और पूरी निष्पक्षता के साथ परिणाम दे सकती है।

मैन्युफैक्चरिंग क्रांति

चीज़ें बनाने का असली नियम यह है कि आप सीधे चिप्स बनाने पर नहीं कूद सकते, पहले बुनियादी चीज़ें सीखनी पड़ती हैं। यह बिल्कुल वैसे है जैसे कोडिंग सीखते समय सबसे पहले 'हैलो वर्ल्ड' से शुरुआत होती है, उसके बाद ही बड़े ऐप्स बनाए जाते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन भी इसी क्रम का पालन करता है। देश पहले असेंबली में महारत हासिल करते हैं, फिर सब-मॉड्यूल्स, कंपोनेंट्स और उपकरणों तक आगे बढ़ते हैं। भारत की यात्रा भी इसी प्रगति को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री की दृष्टि के तहत, आज हमारी मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन क्षमता हमें उन्नत सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की ओर छलांग लगाने में मदद कर रही है।

भारत लंबे समय से डिज़ाइन टैलेंट का केंद्र रहा है। दुनिया के 20इ से ज़्यादा चिप डिज़ाइनर यहीं हैं। अब भारत 2 नैनोमीटर (एनएम), 3 एनएम और 7 एनएम जैसे एडवांस्ड चिप्स डिज़ाइन करने में सक्षम है। ये चिप्स भारत में डिज़ाइन होकर दुनिया भर के लिए बनाए जा रहे हैं।

वर्तमान में फ़ैब्स और पैकेजिंग फ़ैसिलिटीज़ बनाने पर फोकस करना इस प्राकृतिक विकास का अगला कदम है। लेकिन यह सोच केवल निर्माण तक सीमित नहीं है। सेमीकंडक्टर उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस और विशेष सामग्री को भी समर्थन दिया जा रहा है।

इससे केवल फैक्ट्रियाँ नहीं, बल्कि एक पूरा ईकोसिस्टम खड़ा हो रहा है। यह सब प्रधानमंत्री मोदी की वैल्यू चेन की गहरी समझ से संभव हुई है। क्षमता को कदम-दर-कदम विकसित करना और हर चरण को मजबूत बनाना, उसके बाद ही अगले स्तर पर बढ़ना।

बुद्धिमत्ता से युक्त बुनियादी ढाँचा

पीएम गति शक्ति पोर्टल जीआईएस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करता है। हर बुनियादी ढांचे की परियोजना डिजिटल रूप से मैप की जाती है। सड़कें, रेल, हवाई अड्डे और बंदरगाह अब साथ में योजना बनाकर तैयार होते हैं। अब अलग-अलग विभागों में बिखरा काम नहीं, और न ही तालमेल की कमी से होने वाली देरी।

इंडिया एआई मिशन के तहत 38,000 से अधिक जीपीयू उपलब्ध कराए गए हैं, वह भी वैश्विक लागत के एक-तिहाई दाम पर। इससे स्टार्टअप, शोधकर्ताओं और छात्रों को सिर्फ़ 67 रुपये प्रति घंटे की दर पर सिलिकॉन वैली जैसी कंप्यूटिंग सुविधा मिली है।

एआईकोश प्लेटफ़ॉर्म पर 2,000 से ज़्यादा डेटा सेट मौजूद हैं। मौसम से लेकर मिट्टी की सेहत तक। इन्हीं की मदद से भारत की भाषाओं, क़ानूनों, स्वास्थ्य प्रणालियों और वित्त क्षेत्र के लिए स्थानीय एलएलएम विकसित किए जा सकते हैं।

तकनीक को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की समझ भारत की अनूठी एआई रेगुलेशन नीति में भी दिखाई देती है। दुनिया के केवल बाज़ार-आधारित या सरकार-नियंत्रित मॉडल से अलग, वे एक विशिष्ट टेक्नो-लीगल फ्रेमवर्क की कल्पना करते हैं।

सख्त़ नियम बनाकर नवाचार को रोकने के बजाय, सरकार तकनीकी सुरक्षा उपायों में निवेश करती है। विश्वविद्यालय और आईआईटी मिलकर डीपफेक, गोपनीयता और साइबर सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए एआई-आधारित उपकरण विकसित कर रहे हैं। यह दृष्टिकोण नवाचार को बढ़ावा देता है और साथ ही सुनिश्चित करता है कि तकनीक ज़िम्मेदारी के साथ लागू हो।

बुनियादी ढाँचे में तकनीक

केवड़िया में बनी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी 182 मीटर ऊंची है। यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। 3डी मॉडलिंग और ब्रॉन्ज क्लैडिंग तकनीक से बनी यह प्रतिमा हर साल लगभग 58 लाख पर्यटकों को आकर्षित करती है। इस परियोजना से हज़ारों नौकरियाँ बनीं और केवड़िया एक बड़ा पर्यटन केंद्र बन गया।

चिनाब पुल 359 मीटर ऊंचा है, जो कश्मीर को भारत के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। आइजोल रेल लाइन कठिन पहाड़ी इलाक़े से होकर गुजरती है और इसमें हिमालयन टनलिंग मेथड का प्रयोग किया गया है, जिसमें कई सुरंगें और पुल शामिल हैं। नया पंबन पुल सौ साल पुराने ढांचे की जगह आधुनिक इंजीनियरिंग से बनाया गया है।

ये सिर्फ़ इंजीनियरिंग की अद्भुत कृतियां नहीं हैं, बल्कि यह मोदी जी की उस सोच को दर्शाते हैं जिसमें तकनीक और दृढ़ संकल्प के सहारे भारत को जोड़ा जा रहा है।

मानव जुड़ाव

प्रधानमंत्री मोदी तकनीक को समझते हैं, लेकिन इंसानों को उससे भी बेहतर समझते हैं। उनकी अंत्योदय की सोच ही हर डिजिटल पहल को आगे बढ़ाती है। यूपीआई कई भाषाओं में काम करता है। सबसे गरीब किसान और सबसे अमीर उद्योगपति, दोनों की एक जैसी डिजिटल पहचान है।

सिंगापुर से लेकर फ्रांस तक कई देश यूपीआई से जुड़े हैं। जी-20 ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को समावेशी विकास के लिए अहम् माना है। जापान ने इसके लिए पेटेंट भी दिया है। जो शुरुआत में भारत का समाधान था, वही अब पूरी दुनिया के लिए डिजिटल लोकतंत्र का मॉडल बन गया।

गुजरात में शुरुआती प्रयोगों से लेकर डिजिटल इंडिया के शुभारंभ तक की यात्रा यह दिखाती है कि तकनीक में बदलाव लाने की शक्ति है। मोदी जी ने तकनीक को शासन की भाषा बना दिया है। उन्होंने साबित किया है कि जब नेता तकनीक को इंसानियत के साथ अपनाते हैं, तो पूरा देश भविष्य की ओर बड़ी छलांग लगा सकता है।

(लेखक भारत सरकार के रेल, आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं)

# आतिशबाजी रहित उत्सवों की परम्परा का सूत्रपात हो

पर्यावरण संकट हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की लगातार हो रही क्षति ने जीवन को असहज और असुरक्षित बना दिया है। यह संकट किसी दूर के भविष्य की चिंता नहीं है, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित कर रहा है। राजधानी दिल्ली इसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जहाँ दीपावली और अन्य त्योहारों के बाद वायु गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। इसका एक प्रमुख कारण पटाखों का प्रयोग है। पटाखे और आतिशबाज़ी कुछ क्षणों के लिए उत्सव का शोर और रोशनी जरूर बिखेरते हैं, लेकिन उनके पीछे छूट जाता है जहरीला धुआं, असहनीय शोर, सांस लेने में तकलीफ और एक असंतुलित वातावरण। इस स्थिति में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर अंकुश लगाने के संदर्भ में देश की शीर्ष अदालत की टिप्पणी संवेदनशील और मार्गदर्शक होने के साथ-साथ जनजागरूकता बढ़ाने वाली है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि यदि साफ वायु राष्ट्रीय राजधानी के विशिष्ट लोगों का हक है तो यह हक शेष देश के हर व्यक्ति को भी मिलना चाहिए। दिल्ली ही नहीं, सम्पूर्ण देश में वायु प्रदूषण को नियंत्रण करना जरूरी है।

एूदिब म्दहूग्हले ात्दै ूर्पे्

दुनिया भर के प्रदूषित देशों में भारत पांचवें नंबर पर है, दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भी हमारे ही देश में हैं, ऐसे तेरह शहर दुनिया के शीर्ष बीस प्रदूषित शहरों में शुमार हैं, इन चिन्ताजनक हालातों में हवा को जहरीला बनाने वाले पटाखे निरंकुश रूप से जलाना एक आत्मघाती कदम ही है। पटाखों के दुष्प्रभाव स्पष्ट और प्रमाणित हैं। वे वातावरण में जहरीली गैसों का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता अचानक बेहद खराब हो जाती है। दीपावली की रात पटाखों से निकलने वाला धुआं कई दिनों तक हवा में बना रहता है और सांस की तकलीफ, आंखों में जलन, हृदय रोग और दमा जैसी बीमारियों को और गंभीर कर देता है। पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भय और असहनीय पीड़ा का कारण बनता है। पशु-पक्षियों की स्थिति भी दयनीय हो जाती है, उनके जीवन में असुरक्षा और बेचैनी घुल जाती है। यह सब जानते हुए भी आतिशबाज़ी को लेकर समाज में अब भी ढिलाई और परंपरा के नाम पर अनदेखी जारी रहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है।

दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में दीपावली के बाद की स्थिति किसी आपदा से कम नहीं होती। पिछले वर्ष दीपावली के दौरान दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 300 से ऊपर चला गया और 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज हुआ। यह हर साल का दोहराया जाने वाला दृश्य है और हर साल सरकार, समाज और न्यायपालिका को इसे लेकर चिंतित होना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विकट स्थिति को गंभीरता से लिया है और हाल के वर्षों में बार-बार स्पष्ट किया है कि केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पटाखों पर रोक लगनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आलोक में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अब चाहे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बर्नीहाट हो या पंजाब व राजस्थान के सबसे अधिक प्रदूषित शहर हों, उन्हें भी पटाखों के नियमन का लाभ मिलना चाहिए। हाल ही में अदालत ने सरकारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पटाखों के उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण रोक लगाई जाए, और जो भी इन नियमों का उल्लंघन करे उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। अदालत का यह रुख केवल कानूनी आदेश नहीं है, बल्कि समाज को चेताने वाला संदेश भी है कि अब हमें अपने उत्सवों की परिभाषा बदलनी होगी।

दिल्ली सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 5 के तहत पटाखों पर पूर्ण और स्थायी प्रतिबंध लागू किया है। इस प्रतिबंध के अनुसार न तो पटाखों का उत्पादन हो सकता है, न बिक्री और न ही भंडारण या उपयोग। यह कदम पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जरूरी था। लेकिन केवल सरकारी आदेश और अदालत के निर्देश काफी नहीं होंगे, जब तक समाज स्वयं अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव नहीं लाता। परंपराओं को बदलने में समय लगता है, लेकिन जैसे लोग धीरे-धीरे प्लास्टिक के खिलाफ खड़े हुए और विकल्प तलाशने लगे, वैसे ही आतिशबाज़ी से मुक्त त्योहारों को भी अपनाया जा सकता है। सवाल यह है कि हम लोग क्यों नहीं सोचते कि हमारे पटाखे जलाने से श्वास रोगों से जूझते तमाम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। यह एक हकीकत है कि देश के तमाम शहरों में हवा ही नहीं, पानी व मिट्टी तक में जहरीले तत्वों का समावेश हो चुका है। जो न केवल हमारी आबोहवा के लिये बल्कि हमारे शरीर के लिये भी घातक साबित हो रहा है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में देश में श्वसन तंत्र से जुड़े रोगों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। साथ ही प्रदूषित हवा के प्रभाव में सांस संबंधी रोगों से लोगों के मरने का आंकड़ा भी बढ़ा है।



कहीं न कहीं हमारे वातावरण में बढ़ता प्रदूषण ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाने वाले कारकों में वृद्धि भी कर रहा है। लेकिन पटाखों से होने वाला प्रदूषण ऐसा है जो हमारे संयम के जरिये रोका जा सकता है। चिंता की बात यह है कि पटाखों के जलने से निकलने वाले कण हमारे श्वसनतंत्र को नुकसान पहुंचाने के साथ ही हमारे खून में घुल रहे हैं। जिसमें पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कण फेफड़ों में प्रवेश करके गंभीर रोगों को जन्म दे रहे हैं। इतना ही नहीं पटाखे जलाने के कारण जहरीली रासायनिक गैसों के रिसाव से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इससे ओजोन परत भी क्षतिग्रस्त हो रही है। साथ ही ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी हमारे वायुमंडल में जलवायु परिवर्तन के संकटों को बढ़ाने में भूमिका निभा रहा है।

त्योहार और उत्सव हमारे जीवन का हिस्सा हैं। वे सामाजिक जुड़ाव, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक खुशी का प्रतीक हैं। लेकिन जब खुशी मनाने का तरीका ही हमारे स्वास्थ्य और जीवन के लिए संकट बन जाए, तब उस पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक हो जाता है। दीपावली पर पटाखों की परंपरा समाज में गहराई तक पैठ चुकी है। लोग इसे परंपरा, रौनक और आनंद का प्रतीक मानते हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि 'बिना पटाखों के त्योहार अधूरा लगता है।' लेकिन यह सोच आज के समय में बेहद खतरनाक साबित हो रही है। त्योहार की असली रौनक दीपों की जगमगाहट, परिवार की एकजुटता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक उत्सवों में है। संगीत, नाटक, कला और पारंपरिक दीपक किसी भी पटाखे से कहीं अधिक स्थायी आनंद दे सकते हैं।

समय आ गया है कि हम यह स्वीकार करें कि आतिशबाज़ी अब हमारी खुशियों का हिस्सा नहीं रह सकती। खुशियों का असली मतलब है एक-दूसरे के साथ का आनंद, स्वच्छ वातावरण में खुलकर सांस लेना और समाज में शांति और प्रेम का संचार करना। अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सके, तो आतिशबाज़ी को त्यागना ही होगा। सरकारें अपनी नीतियों से इस दिशा में पहल कर चुकी हैं, अदालत ने भी कठोर आदेश दिए हैं, अब बारी समाज की है कि वह अपनी सोच बदले और अपने त्योहारों को पटाखों के बिना भी और अधिक रोशन और सार्थक बनाए। एक नागरिक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी व संवेदनशीलता ही हमें इस संकट से उबार सकता है। विगत में सख्त कानून लागू करने के बावजूद नागरिकों के गैर-जिम्मेदार व्यवहार से प्रदूषण का संकट बढ़ा ही है। जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना त्योहार मनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में हमारे उत्सव जीवनदायी और सार्थक बनेंगे। यही समय है कि हम सामूहिक रूप से एक नई परंपरा गढ़ें, आतिशबाज़ी रहित त्योहारों की परंपरा, ताकि आने वाली पीढ़ियां हमें दोष न दें कि हमने उनके हिस्से की स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण छीन लिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, दिए निर्देश

## ई-रिक्शा चलाये जानें हेतु डाटा तैयार कर, कलर कोडिंग करते हुए रूट का निर्धारण कर ई-रिक्शा को संचालित किया जाय

## दुर्घटनाओं के दृष्टिगत विभिन्न राष्ट्रीय मार्गों के नजदीक ट्रामा सेंटरों व प्राइवेट तथा सरकारी हास्पिटल की मैपिंग कर क्रियाशील रखा जाय

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जनपद प्रयागराज में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाये जाने के निर्देश दिये गये। नगर मजिस्ट्रेट, यातायात निरीक्षक एवं अधिशासी अभियन्ता नगर-निगम एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि स्थलीय निरीक्षणोपरान्त पत्थर गिरजा घर के सामने (धरना स्थल) महाकुम्भ के दौरान रखे गये बोल्डर को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए खोले जानें के सम्बंध में वैधानिक निर्णय लेते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाय। पुलिस विभाग यातायात एवं नगर-निगम व परिवहन विभाग एवं राजस्व विभाग (अपर जिलाधिकारी, नगर) व विकास प्राधिकरण के अधिकारियों एवं टैम्पो टैक्सी यूनियन सदस्यों को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्र में हेतु ई-रिक्शा चलाये जानें हेतु डाटा तैयार कर, कलर कोडिंग करते हुए रूट का निर्धारण कर ई-रिक्शा को संचालित किया जाय। अधिशासी अभियन्ता, प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं अधिशासी अभियन्ता, नगर-निगम को निर्देशित किया गया आजाद पार्क के पास सेंट जोसेफ स्कूल के पास पत्रिका चौराहा मार्ग की तरफ 300 मीटर में 05 कट है, उक्त मार्ग पर 15 से 16 कोचिंग संचालित हो रहे है जिस पर ज्यादा ट्रैफिक का दबाव रहता है उन कटों को बंद कराये जानें हेतु स्थलीय निरीक्षण कर तथ्यपरक आख्या प्रस्तुत करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाय। पन्ना लाल रोड पर लेडीज क्लब के पास कैरेजवे लेवल में नहीं है, नगर निगम के सीवर लाइन के ढक्कन ऊपर है, जिसे सम्बंधित एजेन्सियों प्रयागराज विकास प्राधिकरण एवं नगर-निगम द्वारा ठीक नहीं किया गया जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यातायात की दृष्टि से सीवर लाइन के ढक्कन को ठीक कराये जानें के लिए समिति की ओर से पत्र प्रेषित किये जाने के लिए कहा है। बैठक में उपस्थित




अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड एवं नि0खं0-3/4(कु0मे0), लो0नि0वि0, प्रयागराज को निर्देशित किया कि जनपद प्रयागराज में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कराये जा रहे मार्गों एवं सेतुओं की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय।

उपस्थित परिवहन विभाग व एआरएम रोडवेज एवं उपजिलाधिकारी सदर व अपर जिलाधिकारी, नजूल व यातायात निरीक्षक की संयुक्त टीम गठित करते हुए निर्देशित किया कि प्राइवेट बसों एवं वाहनों के खड़े किये जानें हेतु स्थल चिन्हित किये जानें प्रभावी कार्यवाही की जाय। परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा मित्रों के कार्यक्रम हेतु भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप पत्रावली प्रस्तुत कर जिला स्तरीय क्रियान्वयन रोड सेफ्टी कमेटी के माध्यम से कराये जानें हेतु अपेक्षित कार्यवाही कराना करायें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वृहद दुर्घटनाओं के दृष्टिगत शहर से जानें वाले विभिन्न राष्ट्रीय मार्गों के नजदीक ट्रामा सेंटरों व प्राइवेट तथा सरकारी हास्पिटल की मैपिंग कर क्रियाशील रखा जाय, जिससे कि कम से कम समय में समुचित इलाज घायलों/आहतों को दिया जा सके।उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाय। निर्देशित किया कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सेव लाइफ फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से जीरो फेसल्टी डिस्ट्रिक कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु दिये गये दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करायें। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बैठक में उठाये गये बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत अनुपालन आख्या ससमय उपलब्ध करायी जाय।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति/अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 पी0के0 राय, अधिशासी अभियन्ता, नि0खं0-4(कु0मे0), लो0नि0वि0 सुरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष टैम्पो टैक्सी यूनियन रघुनाथ द्विवेदी, अध्यक्ष विनोद चन्द्र दुबे एवं रमाकान्त रावत महामंत्री, टेम्पो टैक्सी यूनियिन एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने नवरात्रि, दुर्गापूजा एवं दशहरा के आयोजन से सम्बंधित तैयारियों का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

## जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नवरात्रि, दुर्गापूजा एवं दशहरा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत गुरूवार को कल्याणी देवी व ललिता देवी मंदिर तथा रामलीला कमेटी स्थल पजावा-अतरसुईया पथरचट्टी-रामबागसहित अन्य स्थानों पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ भ्रमणकर वहां पर आयोजन से सम्बंधित तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान दल वाले मार्गों पर जर्जर विद्युत तारों को व्यवस्थित करने, सड़क व नालियों की मरम्मत, प्रकाश व शौचालय की व्यवस्था, साफ-सफाई की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को साफ-सफाई, शौचालय, पीने के पानी, प्रकाश, स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत सहित अन्य कार्यों को समय से कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी एवं नगर निगम के अधिकारियों को दल वाले मार्गों का निरीक्षण कर जहां कहीं पर भी गड्ढ़े इत्यादि हो, उसे तत्काल ठीक कराये जाने साथ ही मार्गों पर जहां कहीं पर भी पेड़ हो, उसकी छटाई कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने फायर बिग्रेड के अधिकारियों को सभी पण्डालों में फायर सेफ्टी उपकरण तथा बालू आदि रखने तथा प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों से अन्य व्यवस्थाओं के सम्बंध में बात की। इस अवसर पर एडीएम सिटी सत्यम मिश्र, अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





**पुलिस उपायुक्त गंगानगर व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनी गई तथा निस्तारण हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

# मंत्री नन्दी ने सेवा पखवाड़ा के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया उद्घाटन

## बहादुरगंज स्थित रेडक्रास सोसाइटी में हुआ शिविर का आयोजन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के पीलीकोठी बहादुरगंज स्थित रेडक्रास सोसाइटी में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित चिकित्साकर्मियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण कराए मरीजों से संवाद किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अब तक का जीवन जनसेवा और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा है। इसी से प्रेरणा और प्रोत्साहन लेकर पूरे देश में उनके जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया भारत की चमक और धमक को महसूस कर रही है। पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत ग्लोबल लीडर के रूप उभरा है। 21वीं सदी का भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और प्रयासों का परिणाम है।

इस दौरान मीरापुर मंडल अध्यक्ष गया प्रसाद निषाद, चौक मंडल अध्यक्ष सुमित वैश्य, मुट्ठीगंज मंडल अध्यक्ष परमानन्द वर्मा, कीडगंज मंडल अध्यक्ष कबीर जायसवाल, नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, किशोरी लाल जायसवाल, दिलीप केसरवानी, राघवेंद्र मिश्रा, अरविंद कुमार एवं अन्य पदाधिकारीगण व चिकित्सक एवं स्टॉफ नर्स मौजूद रहे।



# डॉ उदय प्रताप सिंह को ब्रिटेन में प्रशंसा पुरस्कार से किया गया सम्मानित

## प्रयाग उत्थान समिति ने दी बधाई

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद के ठाकुर हर नारायण सिंह महाविद्यालय एवं सेगोंल विश्वविद्यालय सिक्किम के चांसलर डॉक्टर उदय प्रताप सिंह को इंटरनेशनल सिद्धाश्रम शक्ति सेंटर संस्था के द्वारा सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ब्रिटेन के लंदन के पार्लियामेंट हाउस ऑफ कॉमन्स हाल में प्रशंसा पुरस्कार (अवॉर्ड आफ एडमिनिस्ट्रेशन) के द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया गया प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित होने पर प्रयाग उत्थान समिति के उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी ने बताया कि बधाई दिया और कहा कि ठाकुर उदय प्रताप सिंह को ब्रिटेन में प्रशंसा पुरस्कार का सम्मान मिलने से प्रयागराज का भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी झंडा बुलंद हुआ है

बधाई देने वालों में अभिषेक ठाकुर, राजेश केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, शिवम अग्रहरी, रजत सोनकर, आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



# गंगा की बाढ़ उतरने के बाद दारागंज क्षेत्र में व्यापक सफाई, एंटी-लार्वा व स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के बाद अब पानी उतरने लगा है। इसके साथ ही नगर निगम प्रयागराज ने दारागंज और आसपास के सभी प्रभावित इलाकों में व्यापक सफाई, स्वास्थ्य संरक्षण और मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान छेड़ दिया है। बाढ़ के बाद की चुनौतियों को देखते हुए सफाई मित्रों की संख्या बढ़ाई गई है और अत्याधुनिक मशीनों के साथ चौबीसों घंटे कार्य जारी है। नाला-नाली और सीवर की सफाईः सभी गली-मोहल्लों के नालों की जेटिंग मशीन द्वारा धुलाई और चोक सीवर की हाई-प्रेशर सक्शन मशीनों से सफाई की जा रही है। यूडीटी और सीवर चोक का निस्तारणः बाढ़ से प्रभावित अंडरग्राउंड ड्रेनेज ट्रैप्स को अत्याधुनिक रोबोटिक व वैक्यूम मशीनों से खोलकर तुरंत सुचारु किया जा रहा है।

डि-वाटरिंग पंपः पानी भरे क्षेत्रों से ठहरा हुआ पानी तेजी से हटाने के लिए पंप लगातार कार्यरत हैं।




एंटी-लार्वा छिड़काव और फॉगिंगः मलेरिया, डेंगू और अन्य बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रभावित मोहल्लों, गलियों और जलभराव वाले हिस्सों में व्यापक स्तर पर एंटी-लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग मशीनों से धुआँकर्मी किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर टीमों द्वारा घर-घर मच्छर-निवारक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा (ँइए) ने अधिकारियों के साथ नागवासुकी से दारागंज तक पूरे क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यों को ड्रोन कैमरों से रियल-टाइम निगरानी करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। स्थानीय पार्षद राजेश कुमार निषाद ने बताया कि 'गंगा जब-जब बढ़ती है, नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात मेहनत करते हैं। बाढ़ के बाद की सफाई आसान नहीं होती, फिर भी सफाई मित्रों और मशीनों की संख्या बढ़ाकर तेज़ी से कार्य कराया जा रहा है।' अभियान के दौरान अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त सुदीपशिखा पांडे, अभियंता राम कुमार सक्सेना, कर निर्धारण अधिकारी संजय ममगाई, उप अपर नगर आयुक्त एवं अतिक्रमण अधिकारी अनुपम शुक्ला, एएइए गोविंद वाजपेई, एइएअरविंद सिंह सहित नगर निगम की पूरी टीम, स्वास्थ्य विभाग और सफाई मित्र निरंतर सक्रिय रहे।

# विश्वकर्मा भगवान का विसर्जन विधि-विधान एवं धूम-धाम से हुआ

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। इफको फूलपुर संयंत्र के केन्द्रीय कार्यशाला (यांत्रिक) से विश्वकर्मा भगवान का विसर्जन विधि-विधान एवं धूम-धाम से हुआ। विसर्जन इफको घियानगर स्थित तालाब में हुआ। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया, कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) संजय वैश्य, महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, पी.के.सिंह, डॉ अनीता मिश्र, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, पी.के. वर्मा, डॉ सत्य प्रकाश, आर.पी.यादव, पी.के.त्रिपाठी,संदीप गोयल,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी मौजूद रहे।



# हिन्दी दिवस पखवाड़ा के तहत न्यायपालिका में हिन्दी की उपयोगिता और महत्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद एवं भारतीय भाषा अभियान, काशी प्रान्त, उच्च न्यायालय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में हिन्दी दिवस पखवाड़ा के तहत गुरुवार को न्यायपालिका में हिन्दी की उपयोगिता और महत्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पाण्डे एवं संचालन महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति डॉ शेखर कुमार यादव, न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी, न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता, अपर महाधिवक्ता महेश चन्द्र चतुर्वेदी, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शीतला प्रसाद गौड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुई। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। न्यायमूर्ति डॉ शेखर कुमार यादव ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रीयता का प्रतीक एवं हमारी संस्कृति की पहचान है। हिन्दी जैसी सुमधुर और प्यारी भाषा दुनिया में और कोई हो ही नहीं सकती। हिन्दी भाषा का कोई विकल्प नहीं है। मुख्य वक्ता न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी ने कहा कि हिन्दी में निर्णय देने के लिए अधिवक्ता ही मेरे प्रेरणा श्रोत रहे हैं। जिनकी प्रेरणा के कारण ही 27 हजार निर्णय हिन्दी में ही दिए हैं। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि हिन्दी को आगे बढ़ाने में भारतीय भाषा अभियान का बहुत बड़ा योगदान है। आज मैंने छह आदेश एवं एक निर्णय हिन्दी में ही दिए। भविष्य में भी यहाँ पर उपस्थित न्यायमूर्ति की ही नकल करने की कोशिश करते हुए हिन्दी में निर्णय करूंगा। न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति डा डी वाई चन्द्रचूड की पहल थी कि प्रदेशीय भाषा में उच्चतम न्यायालय के भी निर्णयों का अनुवाद होना चाहिए और जनता को उन्हीं की भाषा में निर्णय उपलब्ध होना चाहिए। मेरा यह प्रयास है कि हिन्दी भाषी राज्यों के उच्च न्यायालयों में हिन्दी में ही निर्णय पारित हो।



हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह सोनू ने कहा कि न्यायालय मात्र कानून का घर नहीं, विश्वास का घर भी है। विश्वास तब गहराता है जब न्याय की भाषा, जनता की भाषा से मिलती हो। हमारे संविधान इसी सामंजस्य का मार्ग दिखाया। हिन्दी को राजभाषा का सम्मान दिया, पर साथ ही सभी भारतीय भाषाओं की गरिमा सुरक्षित रखती है।प्रसिद्ध कवि डॉ श्लेष गौतम ने हिन्दी पर अपनी कविता से कार्यक्रम में उपस्थित सभी

का मन मोह लिया। प्रतिभा दीक्षित एवं अजय मिश्र द्वारा कविता पाठ किया गया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पाण्डे ने कहा कि हम लोग व्यवसायिक भाषा का ही प्रयोग करते हैं, लेकिन हमारे अंदर हिन्दी में विचार आने चाहिए। निचली अदालतों में हिन्दी में निर्णय आते है तो हमारे लिए मातृभाषा हिन्दी में कार्य करना कोई मुश्किल कार्य नहीं है। अजय कुमार मिश्र पूर्व उपाध्यक्ष एवं संयोजक भारतीय भाषा अभियान, काशी प्रान्त ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर हिंदी में कार्य करने वाले अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमलेश कुमार द्विवेदी अमित कुमार सिंह, विवेक मिश्र, राज कुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र, दिनेश वरूण, बैरिस्टर सिंह, शशि कुमार द्विवेदी, रामेश्वर दत्त पाण्डेय, बिन्दु कुमारी, अंजनी कुमार मिश्र, अंजली सिंह तोमर, कनक कुमार त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, बलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता, अखण्ड प्रताप त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्र, गिरीश चन्द्र शुक्ला, अनिरूद्ध सिंह, अवनीश चन्द्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, आदित्य घर द्विवेदी एवं अमित सिंह सेंगर, पी के राव, सतेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अजय कुमार मिश्र, एस पी शुक्ला, अमित जौनपुरी, नीलम शुक्ला उपस्थित रहे।

# जीएसटी सुधार जनता के लिए 'खुशियों का पिटारा- विधायक महेश चौघुले

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न हुई 56वीं जीएसटी काउंसिल बैठक में लिए गए फैसले आम जनता के लिए राहत भरे साबित होंगे। जीएसटी 2 लागू किए जाने के बाद देश की कर संरचना अब और अधिक सरल एवं पारदर्शी हो गई है। यह बात भिवंडी के भाजपा विधायक महेश चौघुले ने गुरुवार को जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही.विधायक चौघुले ने बताया कि पहले जीएसटी की दरें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत थीं, जिन्हें घटाकर अब केवल 5 और 18 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर का प्रावधान रखा गया है। आम जनता को राहत देने के लिए रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं, स्वास्थ्य और




शिक्षा से जुड़े सामान पर अधिकांश जीएसटी हटा दिया गया है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कृषि यंत्रों पर कर घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल लोगों को सीधी राहत देगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। जीएसटी 2 आम जनता के लिए 'खुशियों का पिटारा' साबित होगा। इस अवसर पर भाजपा भिवंडी शहर जिला जीएसटी प्रमुख अध्यक्ष प्रितेश ठक्कर ने कहा कि नई कर प्रणाली से हर वर्ग को फायदा पहुंचेगा। उद्योग जगत, किसान, व्यापारी और उपभोक्ता–सभी को इसका लाभ होगा.कार्यक्रम में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रवि सांवत, राजू गाजेगी, प्रवीण मिश्रा, श्याम भोईर, विकास जैन, भरत भाटी, सुंगधा टावरे और कल्पना शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। भाजपा नेताओं का मानना है कि जीएसटी 2 के फैसले से कराधान प्रणाली सरल होगी और व्यापारिक माहौल सकारात्मक बनेगा। इसके चलते बाजार में नई ऊर्जा आएगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# मुंबई-नाशिक हाईवे पर खौफनाक हादसा में पिता-बेटी की मौत, मां गंभीर घायल

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

मुंबई-नाशिक महामार्ग पर पडघा के पास आज गुरूवार को हुए एक भीषण सड़क हादसा पूरे इलाके में शोक की लहर छोड़ गया। साईधारा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक दोपहिया गड्ढे के कारण स्लीप मार दी, जिसमें पिता और छह वर्षीय बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान सईम खोत (48) और उनकी मासूम बेटी मरियम खोत (6) के रूप में हुई है। घायल महिला का नाम सुबी खोत है, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि परिवार नाशिक से मुंबई की ओर जा रहा था, तभी यह दुर्घटना घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बारिश के कारण सड़क पर बड़े बडे गड्ढे ह इसी गड्डे में खोत की मोटरसाइकिल स्कीप मारने से वह तेज रफ्तार ट्रक के नीचे चले गये। जिसके कारण यह घटना घटीबकिसे देखकर आसपास अफरातफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की रफ्तार पर अंकुश न होने से आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। गुरूवार का यह हादसा न सिर्फ एक परिवार की जिंदगी तबाह कर गया, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर गया है।



# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सिस्टर निवेदिता स्कूल के अनुराग सिंह ने मारी बाज़ी

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी फेना गांव स्थित सिस्टर निवेदिता स्कूल के छात्र अनुराग दीपक सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन भिवंडी के कोबडपाडा स्थित गाजंगी सभागृह में भिवंडी महानगर पालिका द्वारा किया गया था। कक्षा 10 में अध्ययनरत अनुराग ने न सिर्फ अपने स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि भिवंडी क्षेत्र का भी मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में कुल पांच प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें अनुराग ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बाज़ी अपने नाम की। अनुराग की इस सफलता पर स्कूल की प्रधानाचार्य नीता गुप्ता ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी उपलब्धि से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह जीत पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। वहीं, प्रशिक्षक नरेश राऊत ने कहा कि उन्हें अनुराग की क्षमता पर पहले से भरोसा था और इस जीत ने उनकी मेहनत को सार्थक कर दिया। अनुराग की इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने भी खुशी जाहिर करते हुए उसे बधाई दी। छात्र की कामयाबी से न केवल उसके माता-पिता गदगद हैं, बल्कि पूरे इलाके में हर्ष का माहौल है।




# कल्याण रोड धार्मिक स्थलों को बचाने की मांग तेज

## 10 दिन में लिखित आदेश न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी-निज़ामपुर शहर में प्रस्तावित प्रारूप विकास आराखड़े को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। धार्मिक स्थल बचाव समन्वय समिति ने चेतावनी दी है कि यदि कल्याण रोड क्षेत्र के मंदिर, मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान और बाबा साहब आम्बेडकर स्मारक को विकास आराखड़े से बाहर रखने का लिखित आदेश अगले 10 दिनों में नहीं दिया गया, तो आंदोलन फिर से शुरू किया जाएगा। समिति ने बताया कि पिछले दस वर्षों से कल्याण रोड संघर्ष समिति के साथ मिलकर इस मुद्दे पर संवैधानिक लड़ाई लड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संघर्ष को देखते हुए 1,700 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च कर मेट्रो लाइन को भूमिगत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। इस




फैसले से हजारों नागरिक बेघर और बेरोज़गार होने से बच गए थे। साथ ही धार्मिक स्थल और बाबा साहब आंबेडकर स्मारक भी सुरक्षित हो गए। इसके बावजूद, मनपा प्रशासन ने नए प्रारूप विकास आराखड़े में कल्याण रोड (राजीव गांधी चौक से टेमघर मार्ग) के दोनों ओर 20-20 फीट तोड़क कार्रवाई का प्रावधान रखा है। हाल ही में विधायक अबू आसिम आज़मी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री शिंदे से मुलाक़ात कर आपत्ति दर्ज कराई थी। आज़मी की पहल पर उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि सड़क चौड़ीकरण की योजना अ्र से हटा दी जाएगी। भिवंडी पूर्व के विधायक रईस क़ासिम शेख ने भी दावा किया था कि आयुक्त से उनकी बातचीत हो चुकी है और धार्मिक स्थलों को संरक्षित रखा जाएगा। लेकिन समिति का कहना है कि केवल मौखिक आश्वासन पर्याप्त नहीं है। समिति ने स्पष्ट कहा है कि यदि 10 दिन में लिखित आदेश जारी नहीं हुआ, तो इसे 'चुनावी जुमला' मानकर आंदोलन जारी रहेगा।

# 'यहां फ्री में काम नहीं होता' - भ्रष्टाचार का गढ़ बनी भिवंडी महानगर पालिका

## अब चुनावी समर में उठेगा मुद्दा

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगर पालिका पिछले चार वर्षों से प्रशासकीय राजवट में है। नगरसेवकों के स्थान पर अधिकारी कामकाज संभाल रहे हैं। नागरिकों को उम्मीद थी कि इस व्यवस्था से भ्रष्टाचार और दलाली पर रोक लगेगी। लेकिन हालात ठीक इसके उलट हो गए। शहरवासियों का आरोप है कि आज पालिका में बिना तय 'रेट लिस्ट' के कोई काम संभव नहीं है। जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, प्रॉपर्टी टैक्स का निपटारा, पानी कनेक्शन, इमारत की मंजूरी या साधारण एनओसी–हर काम के लिए मोटी रकम की मांग की जाती है। पहले जहां बिचौलियों के जरिये पैसे दिए जाते थे, अब सीधे दफ्तरों में ही 'गुंडा टैक्स' की मांग होने लगी है। यही कारण है कि भिवंडी मनपा का नाम




देश की सबसे भ्रष्ट नगरपालिकाओं में गिना जाने लगा है। राज्य में मनपा चुनावी बिगुल बज चुका है और भिवंडी के मतदाता इस मुद्दे को बड़ा चुनावी हथियार बनाने की तैयारी में हैं। सामाजिक संगठनों और व्यापारी वर्ग का कहना है कि चार वर्षों तक जनप्रतिनिधि न होने से जनता की आवाज दब गई और भ्रष्टाचारियों को खुली छूट मिल गई। अब चुनाव आते ही सबसे बड़ा सवाल यही होगा कि शहर को पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन कब मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि चुनाव टालने से विकास कार्य ठप पड़े हैं। कई अहम प्रोजेक्ट फाइलों में अटके हैं, क्योंकि बिना अवैध रकम दिए मंजूरी मिलना नामुमकिन है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए महीनों दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। चुनावी माहौल गरमाने के साथ ही विपक्षी दल भ्रष्टाचार के इस मुद्दे पर सत्ताधारियों को घेरने की रणनीति बना रहे हैं। उधर, नागरिकों की मांग है कि जो भी दल सत्ता में आए, वह सबसे पहले भिवंडी मनपा में ईमानदार और जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित करे।

# भिवंडी मनपा के प्रारूप प्रभाग रचना पर हरकतों की सुनवाई संपन्न

**भिवंडी (संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका की आगामी सार्वत्रिक चुनाव प्रक्रिया में एक अहम कदम गुरुवार को पूरा हुआ। प्रारूप प्रभाग रचना को लेकर प्राप्त हरकतों और सुझावों पर सुनवाई संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महानगर पालिका चुनाव 2025 के लिए कुल 84 हरकतें और सुझाव प्रशासन के पास दर्ज हुए थे। इनकी सुनवाई के लिए राज्य सरकार ने मिरा-भाईंदर महानगरपालिका के प्रशासक एवं आयुक्त राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) को प्राधिकृत किया था। आज 18 सितंबर को हुई इस सुनवाई में शर्मा की अध्यक्षता में भिवंडी-निजामपुर मनपा के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से.) भी उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान कुल 68 हरकतदार व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहे। सभी 84 हरकतों और सुझावों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई और कार्यवाही पूरी की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस सुनवाई का संपूर्ण प्रतिवेदन अब ठाणे जिल्हाधिकारी और राज्य सरकार के माध्यम से राज्य चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। आगे की कार्यवाही उसी आधार पर की जाएगी।भिवंडी-निजामपुर मनपा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों और नागरिकों की निगाहें अब राज्य चुनाव आयोग के निर्णय पर टिकी हुई हैं। चुनावी प्रक्रिया में प्रभाग रचना को सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जाता है, जिसके आधार पर ही आगे की रणनीति तय होती है।




# अमेरिका में आईफोन सप्लाई से टाटा को 23, 000 करोड़ का मुनाफा, चीन रह गया पीछे

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अमेरिका को आईफोन बेचकर मोटी कमाई की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने अकेले अमेरिका को 23, 000 करोड़ रुपए से ज्यादा के आईफोन एक्सपोर्ट किए। यह कंपनी के कुल आईफोन निर्यात राजस्व का लगभग 37‌इ है।

अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा बाजार आयरलैंड रहा, जहां 14, 000 करोड़ रुपए से अधिक के आईफोन भेजे गए। ताइवान का योगदान 15इ और घरेलू बाजार का लगभग 20इ रहा।

जानकारों का कहना है कि एपल ने अमेरिकी बाजार के लिए आईफोन प्रोडक्शन चीन से भारत शिफ्ट कर दिया है। यही वजह है कि फरवरी 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50इ टैरिफ के बावजूद भारत से आईफोन एक्सपोर्ट में जबरदस्त तेजी आई। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स फिलहाल भारत में दो बड़े प्लांट से आईफोन असेंबलिंग कर रही है–एक कर्नाटक (पहले विस्ट्रॉन की यूनिट) और दूसरा तमिलनाडु (पेगाट्रॉन का प्लांट जिसमें टाटा ने 60इ हिस्सेदारी ली)।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बिकने वाले 70इ से अधिक आईफोन अब भारत में बन रहे हैं। इससे आने वाले वर्षों में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री और मुनाफा दोनों बढ़ने की संभावना है। हालांकि, फॉक्सकॉन अभी भी आईफोन उत्पादन में प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है।

एपल के सीईओ टिम कुक भी पहले कह चुके हैं कि अमेरिका में बिकने वाले 'ज्यादातर' आईफोन भारत में बने हैं, जबकि दूसरे प्रोडक्ट्स जैसे मैक, आईपैड और वॉच मुख्य रूप से वियतनाम से सप्लाई हो रहे हैं।

# AIIFA STEELEX-2025 एवं 37वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन सतत इस्पात पर संक्षिप्त विवरण

**मुंबई(संवाददाता)**

मंत्र न्यूज

एआईआईएफए सस्टेनेबल स्टील मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, स्टील मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र के सहयोग से तथा भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के तत्वावधान में, एआईआईएफए STEELEX-2025 के साथ 37वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन सतत इस्पात पर का आयोजन गर्वपूर्वक कर रहा है। यह भव्य आयोजन 19-20 सितम्बर 2025 को बॉम्बे एक्ज़िबिशन सेंटर, गोरेगांव, मुंबई में आयोजित होगा। 'लाभप्रद सततता - ग्रीन स्टील: एक भविष्य पारिस्थितिकी तंत्र' विषय पर आधारित यह प्रमुख कार्यक्रम इस बात पर केंद्रित होगा कि भारत का इस्पात क्षेत्र - विशेषकर सेकेंडरी स्टील उद्योग - किस प्रकार आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकता है। भारत के 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात क्षमता प्राप्त करने के विज़न के अनुरूप, यह आयोजन नीतिगत सुधारों, तकनीकी नवाचारों और रणनीतिक साझेदारियों को गति देने का उत्प्रेरक सिद्ध होगा, जिससे कम-कार्बन इस्पात उत्पादन की दिशा में प्रगति हो सके।

AIIFA STEELEX-2025 में 300 से अधिक प्रदर्शक अपने नवीनतम नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे, जिनमें लौह एवं इस्पात उत्पादन, रोलिंग मिल्स, ऑटोमेशन, स्क्रैप रीसाइक्लिंग, ऊर्जा-कुशल तकनीकें, प्रोसेस कंट्रोल और संयंत्र मशीनरी शामिल होंगे। प्रदर्शनी में इस्पात उत्पादकों, मशीनरी निर्माताओं, फैब्रिकेटरों, फाउंड्रीज, तकनीकी प्रदाताओं, सलाहकारों और समाधान डेवलपर्स सहित व्यापक भागीदारी देखने को मिलेगी–जो व्यापार विकास, नेटवर्किंग और ज्ञान-विनिमय का सशक्त मंच बनेगा।

इसी के समानांतर आयोजित 37वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन इस्पात मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से आए 3,500 से अधिक प्रतिनिधियों की मेजबानी करेगा, जिनमें सीपीएसई, सरकारी निकाय, स्पंज आयरन एवं डीआरआई इकाइयाँ, इंडक्शन फर्नेस उत्पादक, रोलिंग मिल्स और सहयोगी उद्योग शामिल होंगे। CSIR-NML, संयुक्त संयंत्र समिति (JPC), NISST, SRTMI, UNDP जैसे प्रमुख संस्थान तथा AIIF के सदस्य मिलकर नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, हाइड्रोजन आधारित DRI, सतत कच्चे माल की रणनीतियों और बड़े पैमाने पर स्क्रैप प्रोसेसिंग जैसे सर्कुलर इकॉनमी मॉडल पर चर्चा का नेतृत्व करेंगे।

दो दिवसीय सम्मेलन के लिए चयनित सत्र आज की औद्योगिक और नीतिगत परिस्थितियों से अत्यधिक प्रासंगिक हैं। इनमें कार्बन न्यूनीकरण, कच्चे माल की सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा का समावेश, हाइड्रोजन तकनीकें, परिपत्र अर्थव्यवस्था मॉडल तथा यूरोपीय संघ के CBAM जैसे वैश्विक व्यापार तंत्र के प्रभाव जैसे विषयों को शामिल किया गया है। इन चर्चाओं का उद्देश्य व्यावहारिक रणनीतियाँ और कार्य-योग्य सुझाव प्रस्तुत करना है, ताकि नीति निर्माताओं, उद्योग जगत, शोधकर्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों के बीच सार्थक संवाद स्थापित हो। भारत के सेकेंडरी स्टील क्षेत्र, जो देश के कुल इस्पात उत्पादन का लगभग 60इ योगदान देता है और अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकेन्द्रीकृत विकास एवं रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करता है, को कच्चे माल की अस्थिरता, उच्च ऊर्जा एवं लॉजिस्टिक्स लागत और बढ़ते डिकार्बोनाइजेशन दबाव जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। ऐसे परिप्रेक्ष्य में, एआईआईएफए STEELEX-2025 एवं 37वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन एक सशक्त मंच प्रदान करेगा, जहाँ लचीले, सतत एवं तकनीकी रूप से उन्नत भारतीय इस्पात उद्योग का रोडमैप तैयार किया जा सके।

रणनीतिक संवाद, नवाचार को बढ़ावा देने और उद्योग-सरकार साझेदारी को मजबूत करने के माध्यम से यह ऐतिहासिक आयोजन एक वैश्विक प्रतिस्पर्धी, भविष्य-तैयार इस्पात पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने की आकांक्षा रखता है–जो नवाचार-प्रेरित, सतत एवं भारत की नेट-ज़ीरो दृष्टि के अनुरूप हो।

# भारत बनाम ओमान, एशिया कप 2025 : सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत

दुबई **(एजेंसी)**। पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है। भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरूप तेज़ शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले।

भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे 7 दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा। भारतीय गेंदबाजी इतनी मजबूत है कि अगर ओमान पहले बल्लेबाजी करता है, तो मैच जल्दी खत्म होने की पूरी संभावना है क्योंकि जतिंदर सिंह की अगुवाई वाली टीम कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाजों का सामना कर पाएगी इसकी संभावना बहुत कम नजर आती है।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो



फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है। इससे टीम को अर्शदीप सिंह को परखने का भी मौका मिलेगा।

टीम प्रबंधन इस मैच में वरुण और कुलदीप में से किसी एक को विश्राम देकर हर्षित राणा को भी मौका दे सकता है। इस मैच में सूर्यकुमार अपने बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं।भारत के लिए एकमात्र अनजान पहलू शेख ज़ायेद स्टेडियम का विकेट होगा, जहां वह इस टूर्नामेंट का अपना एकमात्र मैच खेलेगा। दरअसल भारतीय टीम अभ्यास के लिए भी अबु धाबी नहीं जा रही है क्योंकि वहां पहुंचने में बस से दो घंटे लगते हैं। ओमान के लिए यह बड़ा मैच होगा और उसके खिलाड़ी इसमें अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे।

टीमें :

भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, जसप्रित बुमरा, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा, रिंकू सिंह।

ओमान : जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव।

समय : रात 8:00 बजे।

## सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखा चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

शेनझेन **(एजेंसी)**। भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गुरुवार को यहां थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग पर सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया। इस जीत के साथ विश्व बैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का मुकाबला कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ी ने कहा, "मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद ज़रूरी था।

# त्योहारों से मारुति सुजुकी ने दिया ग्राहकों को तोहफा, कारों की कीमतों में की बड़ी कटौती

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह वाहनों की कीमत में 22 सितंबर से 1.29 लाख रुपए तक की कटौती करेगी। कंपनी ने कहा कि उसने वाहनों को और अधिक किफायती बनाने के लिए 8.5 प्रतिशत के जीएसटी लाभ के अलावा छोटी कारों की कीमतों में भी कटौती की है।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि शुरुआती स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमतों में 1, 29, 600 रुपए तक, ऑल्टो के10 की कीमतों में 1, 07, 600 रुपए तक, सेलेरियो की कीमतों में 94, 100 रुपए तक, वैगन-आर की कीमतों में 79, 600 रुपए तक और इग्निस की कीमतों में 71, 300 रुपए तक की कमी आएगी। कंपनी की प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत 84, 600 रुपए तक कम हो जाएगी। इसी तरह बलेनो की




कीमत 86, 100 रुपए, टूर एस की कीमत 67, 200 रुपए, डिजायर की कीमत 87, 700 रुपए, फ्रोंक्स की कीमत 1, 12, 600 रुपए और ब्रेजा की कीमत 1, 12, 700 रुपए तक कम हो गई है।

कंपनी ने बताया कि ग्रैंड विटारा की कीमत 1.07 लाख रुपए, जिम्नी की कीमत 51, 900 रुपए, अर्टिगा की कीमत 46, 400 रुपए और एक्सएल6 की कीमत 52, 000 रुपए तक कम हो गई है। इसी तरह, इनविक्टो की कीमतों में 61, 700 रुपए, ईको की कीमत 68, 000 रुपए और सुपर कैरी एलसीवी की कीमत 52, 100 रुपए तक कम हो जाएगी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि कंपनी ने दोपहिया वाहन से चलने वालों को कार लेने में मदद करने के लिए 8.5 प्रतिशत के जीएसटी लाभ के अलावा छोटी कारों की कीमतों में अलग से कमी की है।

उन्होंने कहा, ''भारतीय बाजार में कार को अपनाने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। चूंकि भारत में कारों की पहुंच बहुत कम, प्रति 1, 000 लोगों पर 34 है, इसलिए यह और भी जरूरी है कि बाजार में अग्रणी होने के नाते हम भारत को गतिमान बनाने के लिए यह पहल कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि शुरुआती स्तर की कारों की कीमतों में कटौती से पिछले कुछ वर्षों में बिक्री में आई गिरावट के बाद अब इस खंड को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

# 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में अनन्या पांडे को कड़ी टक्कर देने पहुंचीं सुहाना खान, हाई स्लिट गाउन में लगाया ग्लैमर का तड़का

शाहरुख खान के लाडले आर्यन खान वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के जरिए बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं। बीते दिन ही मुंबई में वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया था। इस स्पेशल स्क्रीनिंग में बॉलीवुड के एक से बढ़कर एक कलाकार वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' देखने पहुंचे थे। इस लिस्ट में शाहरुख खान के परिवार का नाम भी शामिल है। वहीं सुहाना खान ने वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में धमाकेदार एंट्री मारी। इस दौरान सुहाना खान येलो कलर के खूसरूत स्लिट गाउन में पोज देती नजर आईं। वहीं सुहाना खान के अलावा अनन्या पांडे भी स्लिट गाउन पहनकर 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में पहुंची थीं। सिल्वर कलर के स्लिट गाउन मेंअनन्या पांडे बला की खूबसूरत लग रही थीं। इस गाउन में अनन्या पांडे का फिगर कमाल लग रहा है।

अनन्या पांडे और सुहाना खान के इस अंदाज ने सोशल मीडिया को हिलाकर रख दिया है। फैंस कह रहे हैं कि अनन्या पांडे और सुहाना खान ने सोच समझकर एक ही जैसी ड्रेस कैरी की है। अब ये तो हर किसी को पता है कि अनन्या पांडे और सुहाना खान आपस में



कितनी अच्छी सहेलियां हैं। अनन्या पांडे की तो आर्यन खान के साथ भी अच्छी दोस्ती है। ऐसे में अनन्या पांडे और सुहाना खान की ड्रेस का मैच होना कोई बड़ी बात नहीं है। अनन्या पांडे और सुहाना खान दोनों ही इन गाउन्स में बवाल लग रही हैं। यही वजह है जो फैंस अनन्या पांडे और सुहाना खान की तस्वीरों से नजर नहीं हटा पा रहे हैं।

अनन्या और सुहाना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब बवाल मचा रही हैं। फैंस सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे और सुहाना खान के लुक्स की तुलना कर रहे हैं। हालांकि अनन्या पांडे और सुहाना खान को इस तुलना से फर्क नहीं पड़ता है। वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में सुहाना खान अपने परिवार के साथ पहुंची थीं। इस दौरान सुहाना खान ने मीडिया के आगे जमकर पोज दिए वहीं अनन्या पांडे ने भी आते ही महफिल लूट ली।


**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी**

**पाणी पुरवठा विभाग**

भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका भिवंडी (ठाणे)

**ई- निविदा सुचना क्रमांक- २७ सन २०२५-२०२६**

खालील काम करण्याकरीता सक्षम व अनुभवी ठेकेदारांकडून ई-निविदा मागविण्यात येत आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नांव अंदाजित खर्च निविदा फार्म फी | निविदा विक्री व स्विकारण्याची अंतिम दिनांक |
|---|---|---|
| १ | सन २०२५-२०२६ या वर्षाकरीता व-हाळा जलशुध्दीकरण केंद्राकरीता पिओसी पावडर व फस्टग्रेड ब्लिचींग पावडर पुरविणेबाबत. रु. १९,६३,२८०/- रु. २३६०/- | दि. १९/०९/२०२५ ते दि. २६/०९/२०२५ |

सदर निवीदा बाबतची माहिती मनपा संकेतस्थळावर mahatenders.gov.in वर दि. १९/०९/२०२५ पासुन उपलब्ध आहे.

**कार्यकारी अभियंता (प्र.)**
**पाणी पुरवठा विभाग**
**भिवंडी नि.शहर महानगरपालिका, भिवंडी**

**जा.क्र./ज.सं.वि./१०४४**
**दि. १८/०९/२०२५**



**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा. बां.) विभाग,**
**प्रशासकीय इमारत, १ ला मजला, भवन्स कॉलेज जवळ, दादाभाई रोड, अंधेरी (प.), मुंबई- ४०००५८.**
**E-mail-northmumbai.ee@mahapwd.com दुरध्वनी क्रमांक ०२२-२६२३१९६४ फॅक्स २६२०५७८८**

**निविदा सुचना क्र. ३४ सन २०२५-२०२६**

महाराष्ट्र राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, दादाभाई मार्ग, भवन्स कॉलेज जवळ अंधेरी (प) मुंबई-४०००५८ (दुरध्वनी/फॅक्स क्रमांक-२६२३१९६४/२६२०५७८८) महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिका बांधकाम खात्याकडुन योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडुन खालील कामाकरीता ब-१ नमुन्यातील निविदा मागवित आहेत. निविदा कागदपत्र दिनांक १९/०९/२०२५ ते दिनांक २६/०९/२०२५ कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयात उपलब्ध असतील. तसेच दिनांक २९/०९/२०२५ दुपारी १७.०० वाजेपर्यत निविदा स्विकारण्यात येतील व शक्य झाल्यास त्याच दीवशी निविदा उघडण्यात येतील निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां.) विभाग, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नांव | अंदाजित रक्कम |
|---|---|---|
| १. | इमारत क्र. ६४, ६५, ६६, पंतनगर घाटकोपर पूर्व मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.७९९२००/- |
| २. | इमारत क्र. १५ व १६ रेल्वे पोलीस वसाहत घाटकोपर मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८४३७९९/- |
| ३. | इमारत क्र. २१ व २२ रेल्वे पोलीस वसाहत घाटकोपर मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८४३७९०/- |
| ४. | प्रकार - ३ इमारत राज्य कामगार विमा योजना रुग्णालय आवार मुलुंड येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.७३८६२८/- |
| ५. | इमारत क्र. ८५, ८७, १८६, पंतनगर घाटकोपर पूर्व मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८३१३६७/- |
| ६. | इमारत क्र. ८ रेल्वे पोलीस वसाहत घाटकोपर मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.४३९८८०/- |
| ७. | इमारत क्र. १३ व १४ रेल्वे पोलीस वसाहत घाटकोपर मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.७६४६०५/- |
| ८. | इमारत क्र. १९ व २० रेल्वे पोलीस वसाहत घाटकोपर मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.७६४७४५/- |
| ९. | इमारत क्र. २३ व २४ रेल्वे पोलीस वसाहत घाटकोपर मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८४३८००/- |
| १०. | इमारत क्र. आर-४/३ अ/ब विंग सोमय्या ट्रस्ट विद्याविहार मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.५१३८२१/- |
| ११. | कुर्ला पोलीस ठाणे, नेहरुनगर पोलीस ठाणे, विक्रोळी पोलीस ठाणे, आय.टी.आय. कुर्ला मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.७२०२६८/- |
| १२. | कुर्ला न्यायालयीन जूनी इमारत, व ६ पी.आय. पोलीस निवासस्थाने कुर्ला पोलीस लाईन मुंबई येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.६०६०३३/- |
| १३. | इमारत क्र. १५ चांदिवली पोलीस वसाहत येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.७३८६२८/- |
| १४. | इमारत क्र. बी' गुलीस्तान आवार घाटकोपर येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.४९०८७२/- |
| १५. | इमारत क्र. डी' गुलीस्तान आवार घाटकोपर येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.६१९२१३/- |
| १६. | इमारत क्र. एफ' गुलीस्तान आवार घाटकोपर येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.५६९६२१/- |
| १७. | इमारत क्र. एच' गुलीस्तान आवार घाटकोपर येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८३५८९६/- |
| १८. | जनरल लॉक - अप इमारत घाटकोपर पश्चिम येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८४१११३/- |
| १९. | प्रकार - ५ इमारत राज्य कामगार विमा योजना रुग्णालय आवार मुलुंड येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८०३८३५/- |
| २०. | ओ.पी.डी. इमारत, जागतिक बँक प्रकल्प इमारत, भांडार इमारत येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.५५२८२४/- |
| २१. | प्रशासकीय इमारत चेंबूर भाग-२ इमारत येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८३९५९४/- |
| २२. | ८० हवालदार निवासस्थाने बसंत पार्क पोलीस ठाणे येथील बी विंग इमारत येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८४३३८६/- |
| २३. | विशेष निरिक्षणगृह मुलांचे व मुलींचे कुटीर चेंबूर चिल्ड्रेन होम्स चिल्ड्रेन्स एड सोसायटी मानखुर्द येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८४३३८७/- |
| २४. | नवजीवन महिला वसतीगृह देवनार येथील वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.८४३४२३/- |
| २५. | विशेष पुर्नवसन केंद्र देवनार येथे वार्षिक दैनंदिन देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.२५३७१७/- |
| २६. | कुर्ला येथील पाण्याच्या टाक्यांची साफ-सफाई करणे | रु.३७३०४७/- |
| २७. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र ब-१३४ ते ब-१४५ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| २८. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र ब-१५८ ते ब-१६९ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे, | रु.७५३०७१/- |
| २९. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र ब-१७० ते ब-१७९ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३०. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र ब-८८ ते ब-९७ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३१. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र ब-९८ ते ब-१०९ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३२. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र ब-११० ते ब-१२१ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३३. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र ब-१२२ ते ब-१३३ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३४. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र य-१ ते य-२ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३५. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र य-३ ते य-४ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३६. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र य-५ ते य-६ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३७. | शासकिय वसाहत वांद्रे पुर्व येथील इमारत क्र य-७ ते य-८ येथील किरकोळ दुरूस्ती अंतर्गत कामे करणे. | रु.७५३०७१/- |
| ३८. | मुळर्माण कामांतर्गत विक्रोळी न्यायालय इमारत क्र. ३ येथील न्यायालय क्र. ५०,७२ आणी ७३ मध्ये गिलावा व रंगका करणे. | रु. ८४३८५२/- |
| ३९. | मुळर्गाण कामांतर्गत विक्रोळी न्यायालय इमारत क्र. २ येथील न्यायालय क्र. ३१,३४ आणी ४९ मध्ये गिलावा व रंगका करणे. | रु.७९३४७२/- |
| ४०. | शासकिय वसाहतीमधील इमारत क्र-ब७८ ते ब-८७ मधील सदनिकाधारकांचे सामान नवीन इमारतीमध्ये स्थलांरित करण्यासाठी आवश्यक वाहनव्यवस्था व मनुष्यबळ पुरवठा करणे | रु.८४०४२८/- |
| ४१. | शासकिय वसाहतीमधील इमारत क्र-ब २४ ते ब-३३ मधील सदनिकाधारकांचे सामान नवीन इमारतीमध्ये स्थलांरित करण्यासाठी आवश्यक वाहनव्यवस्था व मनुष्यबळ पुरवठा करणे | रु.८०६५८९/- |
| ४२. | नियोजित नवीन उच्च न्यायालय संकुलाच्या भूमिपुजन सोहळयाच्या अनुषंगाने सोहळ्याच्या ठिकाणी स्टेशनरी वस्तूंचा पुरवठा व तसेच त्या संबंधी लागणाऱ्या वेगवेगळ्या गोष्टींची सुव्यवस्था करणे | रु.५४६६६०/- |
| ४३. | प्रशासकिय इमारत वांद्रे पूर्व येथील ओवरहेड टैंक ची दुरूस्ती करणे | रु.८४२७५४/- |
| ४४. | नागरी स्वास्थ केंद्र वांद्रे पुर्व येथील ओवरहेड टैंक ची दुरूस्ती करणे | रु.८४२५५०/- |
| ४५. | विविक्षित दुरुस्ती अंतर्गत ४०० पोलीस वसाहत, इमारत क्र. सी-२, मारोल पोलीस कॅम्प, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - ५९ येथील भूतलावरील मजल्याचे नूतनीकरण, स्वयंपाकघराचा प्लॅटफॉर्म, डब्ल्यू. सी. बाथ युनिटचे नूतनीकरण तसेच प्लास्टर व रंगकाम. | रु.८४२६६५/- |
| ४६. | वार्षीक दुरुस्ती अंतर्गत नवीन शासकीय वसाहत, इमारत क्र. बी-१ येथील देखभाल व दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.४६९७९०/- |
| ४७. | वार्षीक दुरुस्ती अंतर्गत नवीन शासकीय वसाहत, इमारत क्र. बी-३ येथील देखभाल व दुरुस्तीची कामे करणे. | रु.४६९८७२/- |
| ४८. | वार्षीक दुरुस्ती अंतर्गत वर्ग ४ इमारत क्र. २,३,८,९, इमारत क्र. ब-२९८ ते ब-३४१, नवीन इमारत क्र. ए१, सी१, बी१ आणि ँ२ सेवक वसाहत (बांद्रा) तसेच इमारत क्र. १ ते ४ व ५ ते ९ (कालिना, सांताक्रूझ पूर्व) येथील पाण्याच्या टाक्यांची साफसफाई व धुण्याचे काम. | रु.८१२६२०/- |
| ४९. | वार्षीक दुरुस्ती अंतर्गत ६०० पोलिस निवासस्थान, मारोल, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 'ड' प्रकार इमारत क्र. ड-५ ते ड-६ या ठिकाणी सुतारकाम साहित्य, स्वच्छता व जलपुरवठा फिटिंग/प्लंबिंग साहित्य, रंगकाम, डिस्टेंपरिंग, भिंती व दरवाजे/खिडक्या यांचे पॅच पेंटिंग/रंगसाहित्य, पाण्याची टाकी व तत्सम स्वरूपाच्या इतर विविध वस्तूंचा पुरवठा करणे. | रु.५७९५०३/- |
| ५०. | वार्षीक दुरुस्ती अंतर्गत ६०० पोलिस निवासस्थान, मारोल, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 'ई' प्रकार इमारत क्र. ई--९ ते ई-१० या ठिकाणी सुतारकाम साहित्य, स्वच्छता व जलपुरवठा फिटिंग/प्लंबिंग साहित्य, रंगकाम, डिस्टेंपरिंग, भिंती व दरवाजे/खिडक्या यांचे पॅच पेंटिंग/रंगसाहित्य, पाण्याची टाकी व तत्सम स्वरूपाच्या इतर विविध वस्तूंचा पुरवठा करणे. | रु.६२५९९२/- |
| ५१. | वार्षीक दुरुस्ती अंतर्गत वर्ग ४ वसाहत, इमारत क्र. ३, शासकीय सेवक वसाहत, वांद्रे (पूर्व), मुंबई येथील वार्षिक देखभाल दुरुस्तीचे काम करणे. | रु.६९४५०५/- |
| ५२. | विशेष दुरुस्ती अंतर्गत बांद्रा उपविभाग क्र. १ मधील अधिकारी कार्यालय व विद्युत निरीक्षक कार्यालयाच्या आवारातील हाऊसकीपिंग साफसफाई, गवत कापणे व आवश्यकतेनुसार जमिनीची समतलता करणे. | रु.५९७६८७/- |
| ५३. | कीरकोळ दुरुस्ती अंतर्गत वांद्रे शासकीय वसाहत, वांद्रे (पूर्व), मुंबई-५१ येथील पंप हाऊस झोन क्र. ३ मध्ये आवश्यकतेनुसार हाऊसकीपिंग व साफसफाई, गवत कापणे तसेच जमिनीची समतलता करण्याचे काम. | रु.४२०९९६/- |
| ५४. | कीरकोळ दुरुस्ती अंतर्गत सार्वजनिक बांधकाम विभाग, उपविभाग क्र. २, वांद्रे (पूर्व), मुंबई-५१ अंतर्गत इमारतीचे हाऊसकीपिंग (कचरा गोळा करणे, तसेच जिना, मार्गिका व बाह्य परिसराची मनुष्यबळाच्या सहाय्याने साफसफाई करणे) ही सेवा ६ महिन्यासाठी करणे. | रु.४१९९७०/- |
| ५५. | मुळर्माण कामांतर्गत ८०, कॉन्स्टेबल इमारत, ए विंग, चेंबूर येथे प्लास्टर दुरुस्ती व रंगकामाची कामे करणे | रु.८४०२६०/- |
| ५६. | मुळर्गाण कामांतर्गत ८०, कॉन्स्टेबल इमारत, बी विंग, चेंबूर येथे प्लास्टर दुरुस्ती व रंगकामाची कामे करणे | रु.८४१४५०/- |

निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई (सा.बां) विभाग, अंधेरी (प.) मुंबई ५८. यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

जा.क्र. काअ/उमुंवि/निविदा/६२६८
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
उत्तर मुंबई (सा.बां) विभाग,
प्रशासकीय इमारत, १ ला मजला,
भवन्स कॉलेजजवळ, दादाभाई मार्ग,
अंधेरी (प.) मुंबई ५८.
दिनांक :- १५.०९.२०२५

**DGIPR/2025-26/2619**

**कार्यकारी अभियंता,**
**उत्तर मुंबई (सा.बां) विभाग,**
**अंधेरी (प.) मुंबई ५८.**

# बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को दशहरा उत्सव में आमंत्रित करने के खिलाफ याचिका

## सुनवाई के लिए तैयार हुआ सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर एक याचिका को सूचीबद्ध कर दिया जिसमें मैसूर के चामुंडेश्वरी मंदिर में राज्य प्रायोजित दशहरा महोत्सव के उद्घाटन के लिए बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के राज्य सरकार के फैसले को बरकरार रखा गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, जब एक वकील ने उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया, जिसमें कहा गया था कि गैर-हिंदू आगरा पूजा नहीं कर सकते।

वकील ने कहा कि यह मैसूरु में दशहरा के उद्घाटन के लिए चामुंडेश्वरी मंदिर में एक गैर-हिंदू को 'अग्र पूजा' करने की अनुमति देने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ एक याचिका है,' उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम 22 सितंबर को है। याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होने की संभावना है। 15 सितंबर को, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्नाटक के चामुंडेश्वरी मंदिर में दशहरा महोत्सव का उद्घाटन करने के लिए बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी विशेष धर्म या धर्म का पालन करने वाले व्यक्ति की



अन्य धर्मों के त्योहारों के उत्सव में भागीदारी भारत के संविधान के तहत उपलब्ध अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती है। यह ध्यान दिलाया गया कि निर्विवाद रूप से, राज्य द्वारा हर साल ये उत्सव आयोजित किए जाते हैं और अतीत में वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, लेखकों और स्वतंत्रता सेनानियों जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता रहा है। सर्वोच्च न्यायालय में दायर अपील में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने इस तथ्य को न समझकर गलती की है कि देवी चामुंडेश्वरी मंदिर परिसर में दशहरा के उद्घाटन के लिए एक पूजा करनी होती है, जो किसी गैर-हिंदू द्वारा नहीं की जा सकती। याचिका में कहा गया है कि पूजा हिंदू भक्ति और रीति-रिवाजों के अनुसार की जानी चाहिए, और यह पूजा दशहरा उत्सव के पारंपरिक दस दिवसीय समारोह का उद्घाटन है।

# गांधीनगर में बुलडोजर एक्शन, 1000 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाए 700 से ज्यादा अवैध कब्जे

अहमदाबाद **(एजेंसी)**। गांधीनगर जिला प्रशासन ने जिला पुलिस के सहयोग से आज सुबह जीईबी, पेथापुर, चरेड़ी और साबरमती नदी के किनारे कई इलाकों में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ अभियान चलाया। इस अभियान का लक्ष्य एक लाख वर्ग मीटर में फैली सरकारी ज़मीन पर बने 700 से ज़्यादा अनधिकृत ढाँचे हैं। अतिक्रमण अभियान के बारे में, गांधीनगर के एसपी रवि तेजा वासमशेट्टी ने कहा कि प्रशासन और पुलिस ने एक लाख वर्ग मीटर में फैले अतिक्रमण को हटाने का अभियान शुरू किया है। अब तक 100 अवैध ढाँचों को ध्वस्त किया जा चुका है और आने वाले दिनों में कुल 600 अतिक्रमणों को हटाने की योजना है। एसपी ने बताया कि पुनः प्राप्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग 1000 करोड़ रुपये है। इस अभियान में 700 से अधिक पुलिसकर्मी, 20 प्रशासनिक दल और 20 जेसीबी मशीनें कुशलतापूर्वक ध्वस्तीकरण कार्य में लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस एक लाख वर्ग मीटर क्षेत्र का बाजार मूल्य लगभग 1000 करोड़ रुपये है। 700 से अधिक पुलिस अधिकारी, प्रशासन की 20 टीमें और 20 जेसीबी तैनात



की गई हैं। इससे पहले मई में, अहमदाबाद में दूसरे चरण में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया था, जिसमें 2.5 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र से अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया था।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (सीपी), शरद सिंघल ने कहा कि पहले चरण में लगभग 1.5 लाख वर्ग किलोमीटर अवैध अतिक्रमण हटाया गया था। सिंघल ने 20 मई को एएनआई को बताया कि पहले चरण में, निगम द्वारा लगभग 1.5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को (अवैध अतिक्रमण को) साफ़ किया गया था, और हमने कानून और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था की थी। दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है, और पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, और जनता भी हमारे साथ सहयोग कर रही है। 19 मई को, राजकोट पुलिस ने 38 व्यक्तियों से जुड़े आदतन अपराधियों के 60 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया, जिन पर हत्या, हत्या के प्रयास और लूट सहित कई अपराध दर्ज थे। यह कार्रवाई गुजरात के गृह मंत्री और डीजीपी द्वारा ऐसे अपराधियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देशों के बाद की गई।

# कहां गई विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था : अखिलेश यादव

लखनऊ **(एजेंसी)**। ड्रग उत्पादक व निर्यातक देशों में चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान समेत 23 देशों की सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत को शामिल किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा, ड्रग उत्पादक और निर्यातक देशों में शामिल किया जाना देश के लिए बेहद शर्मनाक है। साथ ही उन्होंने पूछा है कि कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था।

एक्स पर पोस्ट करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जिस अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भाजपा के लोग हवन पूजन करते फिर रहे थे, जीत की कामना कर रहे थे और खुशियां मना रहे थे, पटाखे फोड़ रहे थे उसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत



का घोर अपमान किया। भारत को ड्रग्स उत्पादक एवं निर्यातक देशों में पाकिस्तान के साथ ही सूची में डाल दिया, यह देश के लिए बेहद शर्मनाक है। कहां गई वह विदेश नीति जिसका डंका पीटा जा रहा था।'

अखिलेश ने कहा कि दरअसल ड्रग्स और अवैध धंधों के काम में भाजपा के लोग शामिल हैं और इसके कारण पूरे देश की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। विदेश नीति शून्य है, केवल खोखले दावे किए जा रहे हैं। भारत का सर पूरे विश्व में भाजपा ने नीचा कर दिया है, यह देश के लिए एक शर्मनाक पल है। एक अन्य पोस्ट में विदेश में जॉर्जिया में भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर सवाल उठाते हुए अखिलेश ने कहा ' विदेशों में भारतीयों के साथ ये बर्ताव देश के लिए बेहद शर्मनाक और वैश्विक स्तर पर भारतीय प्रतिष्ठा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है। क्या भारतीयों के साथ विदेश में ऐसा बर्ताव किया जाएगा। शर्मनाक।'

# सीएम योगी का प्रदेशवासियों के लिए बड़ा तोहफा

## प्रदेश के सभी 75 जिलों में एक साथ शुरू हुई 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान', महिलाओं और बच्चों को बिल्कुल फ्री!

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को शुरू किए गए 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों में 20 दजार से ज्यादा स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान की मध्य प्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शुरुआत की है। इसी के साथ प्रधानमंत्री ने आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का भी आगाज़ किया जो 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलेगा।

यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर से सभी 75 जिलों में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की, जिसमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में बच्चों को तिलक लगाकर अन्नप्राशन कराया और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के साथ पोषाहार वितरित किया। उन्होंने कहा, 'आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर उनके साथ जुड़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई।'



आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए स्मार्ट फोन वितरण और मानदेय वृद्धि का ऐलान करते हुए कहा, 'आंगनबाड़ी बहनों की सेवाओं का सम्मान उनके मानदेय बढ़ाकर और स्मार्ट फोन देकर किया जाएगा। उनकी ट्रेनिंग और समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा, ताकि वे आत्मनिर्भर बनें।' बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 75 जिलों में 20,324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत की, जहां रक्तचाप, मधुमेह, मुंह, स्तन व सर्वाइकल कैंसर, रक्त की कमी और टीबी की निशुल्क जांच होगी।

उन्होंने कहा, 'यह अभियान गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों के टीकाकरण और जागरूकता पर केंद्रित है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों और 10 लाख महिला स्वयं-सहायता समूहों के साथ एक करोड़ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए पोषण मिशन और टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया गया है।

# ब्रिटेन में ट्रंप के राजकीय दौरे का क्यों हो रहा तगड़ा विरोध? सड़कों पर उतरे हजारों लोग

लंदन **(एजेंसी)**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे राजकीय दौरे पर ब्रिटेन पहुंचे तो दो अलग-अलग नजारे देखने को मिले। एक ओर, विंडसर कासल में उनका ऐतिहासिक भव्य स्वागत किया गया। उन्हें रॉयल गार्ड ऑफ ऑनर, कैरेज प्रोसेशन से सम्मानित किया गया। यह स्वागत पिछले 500 वर्षों में किसी भी विदेशी नेता के लिए विंडसर कासल में सबसे बड़ा गार्ड ऑफ ऑनर माना जा रहा है। किंग चाल्स और क्वीन कैमिला ने मेलानिया और ट्रम्प के साथ गिफ्ट्स का आदान-प्रदान भी किया। उधर, लंदन के संसद स्क्वायर में 'ट्रम्प नॉट वेलकम' रैली हुई, जिसमें हजारों प्रदर्शनकारियों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमें तानाशाह ट्रम्प का विभाजनकारी एजेंडा मंजूर नहीं है। ट्रम्प विरोधी प्रदर्शन के लिए 4 लोग गिरफ्तार हुए हैं।

'स्टॉप ट्रंप यूके कोएलिशन' द्वारा आयोजित प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शनकारियों ने नस्लवाद को ना, ट्रंप को ना लिखे बैनर लिया हुआ था। प्रदर्शनकारी संसद की ओर जाने वाली रीजेंट स्ट्रीट की ओर बढ़े। लंदन के पुलिस बल ने 1, 600 कर्मियों को तैनात किया था क्योंकि उन्हें लगभग 50 विभिन्न समूहों के सदस्यों के आने की आशंका थी, जिनमें जलवायु, नस्लवाद विरोधी और फलिस्तीन समर्थक कार्यकर्ता शामिल थे। ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया हेलीकॉप्टर से विंडसर कैसल पहुंचे, जहां चार्ल्स तृतीय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और इस दौरान सैन्य बैंड ने अमेरिका और ब्रिटेन के राष्ट्रगान बजाये। कैसल के बाहर, कई लोगों ने पूरे दिन विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि बड़ी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति और घटना को कवर करने वाले अंतरराष्ट्रीय समाचार दल की तुलना में उनकी संख्या कम थी। विंडसर में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें से एक को आपातकालीन कर्मचारी पर हमला करने और धमकी देने के आरोप में तथा दूसरे को सार्वजनिक व्यवस्था के उल्लंघन और हमले के संदेह में गिरफ्तार किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय समुदाय सुनिश्चित करे कि लश्कर और जैश को अफगानिस्तान में पनाह न मिले : भारत

संयुक्त राष्ट्र **(एजेंसी)**। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी संगठन और उनके मददगार अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल न कर पाएं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बुधवार को कहा, ''भारत अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।''

उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा, ''अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकी संगठन और व्यक्ति जैसे कि आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवांट), अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद व उनके खतरनाक इरादों में मदद करने वाले अब अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न कर पाएं।''



अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वक्तव्य देते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के बीच सभ्यतागत संबंध हैं और इस युद्धग्रस्त देश में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारत का ''सर्वोच्च हित'' है। उन्होंने कहा, ''हम अफगानिस्तान से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति व सहयोग को अत्यंत आवश्यक मानते हैं। देश में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए हम सभी संबंधित पक्षों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहे हैं। दोहा में संयुक्त राष्ट्र की बैठकों और अन्य क्षेत्रीय मंचों में हमारी भागीदारी, हमारे इन प्रयासों को दर्शाती है।''

राजदूत हरीश ने सुरक्षा परिषद को यह भी बताया कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से दो बार बात कर चुके हैं। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान द्वारा की गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। इसके साथ ही भारत ने इस बात पर बल दिया कि किसी भी संघर्ष-पश्चात स्थिति से निपटने के लिए प्रभावी नीति में सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करना और हानिकारक गतिविधियों को हतोत्साहित करना आवश्यक है।

# हजरतबल विवाद पर महबूबा मुफ्ती का बड़ा आरोप : जन आक्रोश को हथियार बना रही भाजपा

श्रीनगर **(एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती ने गुरुवार को घाटी में राजनीतिक नेताओं की नज़रबंदी को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने भाजपा पर लोगों के दर्द को हथियार बनाने का आरोप लगाया और उसके रवैये को खतरनाक और बेहद निंदनीय बताया।' पर पोस्ट करते हुए, महबूबा मुफ़्ती ने लिखा कि प्रोफ़ेसर अब्दुल गनी भट के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए हमें सोपोर जाने से रोकने के लिए आज राजनीतिक नेतृत्व को नज़रबंद करने का फ़ैसला जम्मू-कश्मीर की कठोर और अलोकतांत्रिक सच्चाई को उजागर करता है।

उन्होंने हज़रतबल दरगाह पर हुए विवाद को गहरे जन आक्रोश का नतीजा बताया। उन्होंने आगे कहा, 'हज़रतबल दरगाह में जो कुछ हुआ, वह स्वतःस्फूर्त, अपरिष्कृत जन आक्रोश का विस्फोट था, वह कोई अकेली घटना नहीं थी। यह हाशिये पर धकेले गए लोगों का एक स्पष्ट और स्पष्ट संदेश था। हालाँकि, भाजपा जानबूझकर इस सच्चाई से अनजान बनी हुई है, और वर्षों से पनप रही गहरी पीड़ा और दबी हुई भावनाओं से कुछ भी सीखने से इनकार कर रही है।' मुफ़्ती ने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए कश्मीर को लगातार अशांत बनाए रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'यह तेज़ी से स्पष्ट होता जा रहा है कि भाजपा को कश्मीर में शांति या सुधार में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके बजाय, वे इस क्षेत्र को लगातार अशांत बनाए रखने, देश के बाकी हिस्सों में राजनीतिक लाभ के लिए दर्द और अशांति को हथियार बनाने पर तुले हुए हैं। यह सनकी रवैया न केवल गैर-ज़िम्मेदाराना है; बल्कि खतरनाक और पूरी तरह से निंदनीय भी है।' इससे पहले, एक वायरल वीडियो में भीड़ को दरगाह पर संगमरमर की पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक को क्षतिग्रस्त करते हुए दिखाया गया था, और कहा गया था कि आकृतियां बनाना इस्लामी लोकाचार के खिलाफ है। श्रीनगर स्थित हजरतबल दरगाह में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब भीड़ ने आधारशिला पर लगे अशोक चिह्न को तोड़ दिया।

# 30 नवंबर को ट्रंप भारत से हटाएंगे टैरिफ 25 फीसदी का टैरिफ

## भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कर दिया बड़ा इशारा

वाशिंगटन **(एजेंसी)**। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका जल्द ही भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए दंडात्मक शुल्कों को वापस ले लेगा और आने वाले हफ्तों में पारस्परिक शुल्कों में ढील देगा, जिससे उच्च शुल्कों से प्रभावित निर्यातकों को राहत मिलने की उम्मीद है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए, नागेश्वरन ने कहा कि अगस्त में वाशिंगटन द्वारा लगाया गया 25इ दंडात्मक शुल्क नवंबर के अंत तक वापस लिया जा सकता है। मुझे विश्वास है कि दंडात्मक शुल्क 30 नवंबर के बाद लागू नहीं रहेंगे। यह किसी ठोस संकेत या प्रमाण पर आधारित बयान नहीं है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए, मुझे विश्वास है कि अगले कुछ महीनों में दंडात्मक शुल्क पर कोई समाधान निकल आएगा और उम्मीद है कि पारस्परिक शुल्क भी लागू होंगे।

सीईए ने संकेत दिया कि पारस्परिक शुल्क, जो वर्तमान में 25इ है, को घटाकर 10-15इ किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि समग्र टैरिफ विवाद अगले 8-10



हफ़्तों में सुलझ सकता है, हालाँकि उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि यह उनका व्यक्तिगत आकलन है और किसी औपचारिक आश्वासन पर आधारित नहीं है। यह टिप्पणी भारत के मुख्य व्यापार वार्ताकार, वाणिज्य मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल की दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच से नई दिल्ली में हुई मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद आई है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा पिछले महीने भारतीय निर्यात पर भारी अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद से यह पहली आमने-सामने की मुलाकात थी, जिसमें रूस के साथ भारत के निरंतर ऊर्जा व्यापार का हवाला दिया गया था।

# अंदर दमन, बाहर निगरानी, ड्रैगन की रणनीति से दुनिया चिंतित

बीजिंग **(एजेंसी)**। चीन में मानवाधिकार संगठन (एचआरआईसी) ने अपना नवीनतम साप्ताहिक संक्षिप्त विवरण जारी किया है, जिसमें देश के अंदर बढ़ते दमन, कड़े कानूनी नियंत्रण और विदेशों में बीजिंग के निगरानी मॉडल के प्रसार की चेतावनी दी गई है। समूह की मुख्य चिंता जाने-माने मानवाधिकार वकील जियांग तियानयोंग की हिरासत है, जिन्होंने लंबे समय से तिब्बतियों, फालुन गोंग अनुयायियों और एचआईवी/एड्स पीड़ितों का बचाव किया है। जियांग को कथित तौर पर 16 सितंबर को चांग्शा में एक राजनीतिक कैदी के परिवार से मिलते समय अज्ञात लोगों ने पकड़ लिया था। उनका वर्तमान ठिकाना अज्ञात है। एचआरआईसी ने जियांग के उत्पीड़न, यातना और सख्त सरकारी निगरानी के इतिहास को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

ब्रीफ में चीनी निगरानी फर्म लैंडासॉफ्ट के दस्तावेजों के बड़े पैमाने पर लीक होने का भी जिक्र किया गया है, जिससे पता चला है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों को न केवल चीनी रक्षा ठेकेदारों के साथ उनकी साझेदारी के बारे में पता था, बल्कि कुछ मामलों में, उन्होंने सक्रिय रूप से उनके उपकरणों को पुलिसिंग के साधन के रूप में प्रचारित किया। लीक हुई अतिरिक्त फाइलों से पता चला है कि चीन की निगरानी और सेंसरशिप प्रणालियाँ तेजी से परिष्कृत होती जा रही हैं और उन्हें कजाकिस्तान, इथियोपिया, पाकिस्तान और म्यांमार जैसे देशों में निर्यात किया जा रहा है, जिससे बीजिंग का प्रभाव विदेशों में बढ़ रहा है। घरेलू स्तर पर, चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस ने साइबर सुरक्षा, पर्यावरण संहिताओं और भाषा कानून में संशोधन सहित बारह मसौदा विधेयकों पर सार्वजनिक परामर्श शुरू किया है। जहाँ सरकारी मीडिया इन सुधारों को एकता को बढ़ावा देने वाला बता रहा है, वहीं आलोचकों का तर्क है कि ये अल्पसंख्यक भाषाओं और सांस्कृतिक विविधता के लिए खतरा हैं। हांगकांग में, सांसदों ने समलैंगिक जोड़ों को सीमित अधिकार देने वाले एक विधेयक को भारी बहुमत से खारिज कर दिया।

**Facebook:** https://www.facebook.com/profile.phpid=100063787346044 **Twitter:** https://twitter.com/mantrabharatt=8tJONQ7H-h6EKqqap2tVMw&s=08 **Mobile No:** 7007837917

मंत्र भारत : R.N.I. MAHHIN/ 2016/65841 स्वात्वाधिकारी राकेश शर्मा के लिए राकेश शर्मा द्वारा AIS Printing solution प्लॉट नं0-A- 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एमआईडीसी माहपे-नवी मुंबई, थाने 400709 से मुद्रित एवं शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012प्रकाशित एवं सम्पादित । कार्यालय : शाप.नं. 36, द्वितीय तल, प्लाट -490.1. जाम मील बिल्डिंग, डॉ बाबा साहेब अम्बेकर रोड, लाल बाग परेल, मुम्बई-400012 । फोन : 022-24706563 । कार्यकारी सम्पादक- योगेन्द्र चौधरी
E-Mail : editormantrabharat@gmail.com mantrabharatmumbai@gmail.com । सम्पादक : विनोद आर शर्मा, मोबाइल : 7007837917 । समूह सम्पादक : डॉ दयानन्द तिवारी। वैधानिक सूचना : मंत्र भारत से संबंधित समस्त विवाद निपटारे के लिए मंत्र प्रधान कार्यालय क्षेत्र प्रयागराज/ इलाहाबाद न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालयः 80ए मेंहदौरी, तेलियरगंज, प्रयागराज-211004 (नोटः कानूनी पत्र व्यवहार का पता प्रधान कार्यालय ही होगा।)